आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच
समस्त देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
वर्ष : 26 | अंक : 309 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 30 अक्टूबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

## अयोध्या में ऐतिहासिक होगा दीपोत्सव : योगी

### दीपोत्सव में झूम उठी रामनगरी, 25 लाख दीपक जगमगाएंगे





**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में रामलला के नव्य और भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहला दीपोत्सव बेहद खास होगा। आज यहां उत्सव का रंगारंग आगाज हो गया। हर तरफ उल्लास छाया हुआ है। रामायण कालीन प्रसंगों की झांकिया लोगों का मन मोह रही हैं।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। इससे पहले उन्होंने कहा कि यह 'दीपोत्सव' ऐतिहासिक है। हम सबके आराध्य श्रीरामलला 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद अपने धाम में विराजमान हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 500 वर्ष बाद धर्मधरा अयोध्या धाम में श्री रामलला की पावन जन्मभूमि पर बने उनके भव्य-दिव्य मंदिर में भी हजारों दीप प्रज्वलित होंगे। मुख्यमंत्री ने देश व दुनिया के भक्तों से कहा कि इस महापर्व में सहभाग कर सनातन धर्म की गौरवशाली परंपरा का उत्सव मनाएं। भगवान श्री राम के आगमन पर श्री अयोध्या धाम के दीपों के साथ अपने घरों में भी आत्मीयता और समता का दीपक अवश्य प्रज्वलित करें।

अयोध्यावासी रामलला के आगमन की खुशी से सराबोर है। 25 लाख दीपों के एक साथ जलने का कीर्तिमान बनने से पहले ही सुबह नौ बजे यहां मेगा शो शुरू हो गया। इस दौरान अध्यात्म, संस्कृति और परंपरा का अनूठा संगम दिगा। इन नयनाभिराम दृश्यों का साक्षी देश और दुनिया बनेगी। इससे पहले इसकी सभी तैयारियां **(शेष पृष्ठ-7 पर)**

## सलमान खान को फिर मिली धमकी



**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को फिर एक बार जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार धमकी देने वाले ने उनसे दो करोड़ रुपये की भी मांग की है। मुंबई पुलिस ने बुधवार को एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस को मंगलवार को एक संदेश मिला, जिसमे कहा गया कि अगर अभिनेता ने दो करोड़ रुपये नहीं दिए तो उसे जान से मार दिया जाएगा। पुलिस ने तुरंत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी।

इससे पहले भी मुंबई पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन डेस्क को सलमान खान को जान से मारने की धमकी मिली थी। इस दौरान बॉलीवुड अभिनेता से पांच करोड़ रुपये की मांग की गई थी। इस मामले में पुलिस ने जमशेदपुर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। मैसेज भेजने वाले ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के हवाले से कहा था कि अगर सलमान खान जिंदा रहना चाहते हैं और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं तो उन्हें पांच करोड़ रुपये देने होंगे। इसे हल्के में लेने की गलती न करें। मैसेज में कहा गया कि अगर उन्होंने पैसे नहीं दिए तो उनका हाल बाबा सिद्दीकी से बुरा होगा।

## 'रन फॉर यूनिटी' में दौड़े भाजपाई



**नोएडा (चेतना मंच)।** आज लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर नोएडा स्टेडियम में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस मौके पर नोएडा स्टेडियम के गेट नं0-4 से रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर भाजपा के सभी पदाधिकारियों, मोर्चा व मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने दौड़ लगाई। हालांकि इन दौड़ को सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने हरी झंडी देकर रवाना करना था। लेकिन व्यस्तता के कारण वे शामिल नहीं हो सके।



यह रन फॉर यूनिटी नोएडा स्टेडियम के गेट नं0-4 से शुरू हुई जो सेक्टर-22 तथा 12 होते हुए पुन: गेट नं0-4 पर समाप्त हुई।

इस मौके पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, महेश अवाना, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रामनिवास यादव, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष उमेश पहलवान, **(शेष पृष्ठ-7 पर)**

## कनाड़ा में नौकरी के लिए कंपनी डायरेक्टर ने वसूले लाखों रुपये

**नोएडा (चेतना मंच)।** विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपए हड़पने के आरोप में एक कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में मुकदमा दर्ज कराया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी डायरेक्टर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी डायरेक्टर ने एक युवती की कनाडा में नौकरी लगवाने का आश्वासन देकर सवा दो लाख रुपए ले लिए और उसे फर्जी अपॉइंटमेंट लेटर दे दिया। शताब्दी अपार्टमेंट शालीमार गार्डन एक्सटेंशन दो जनपद गाजियाबाद निवासी राजेश डेविड ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि पिछले दिनों उन्हें जानकारी मिली कि क्रिश्चियन ग्लोबल नेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी विदेश में नौकरी दिलाने का काम करती है। इसके बाद उन्होंने अपनी पुत्री चारु डेविड की कनाडा में नौकरी लगवाने के लिए कंपनी के सेक्टर-57 स्थित कार्यालय में संपर्क किया। राजेश डेविड के मुताबिक यहां पर उनकी मुलाकात कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर पूरन कुमार से हुई। डायरेक्टर ने उनकी बेटी की कनाडा में नौकरी

## बैंक्वेट हॉल में भीषण आग, इलेक्ट्रिशियन की मौत



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर-113 थाना क्षेत्र के सेक्टर-74 में सर्फाबाद के पास स्थित ग्रेनेडियर बैंक्वेट हॉल में बुधवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे आग लग गयी। 15 गाड़ियों की मदद से आग को बुझाया गया। हादसे में इलेक्ट्रिशियन की मौत हो गयी। आग लगने से करोड़ों रूपये का नुकसान हुआ है।

अग्निशमन विभाग को सुबह करीब साढ़े तीन बजे बैंक्वेट हॉल में आग लगने की सूचना मिली थी। दस मिनट में अग्निशमन टीम गाड़ियों संग मौके पर पहुंचीं और आग को बुझाना शुरू किया। ढाई से तीन घंटों की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन आग के दौरान बैंक्वेट हॉल के एक स्टॉफ की मौत हो गयी। डीसीपी नोएडा राम बदन सिंह ने बताया कि इलेक्ट्रिशियन की पहचान प्रवेंद्र के रूप में हुई। **(शेष पृष्ठ-7 पर)**

## हत्या, चोरी में शामिल 10 बदमाशों पर गैंगस्टर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस ने संगठित गिरोह बनाकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले 10 बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। गैंगस्टर में निरुद्ध किए गए बदमाश हत्या, चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। थाना कासना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि लुक्सर गांव निवासी नितिन, शेखर, आकाश उर्फ अली जान, जागन उर्फ जगन, सुंदर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किए गए आरोपियों ने कुछ माह पूर्व गांव में एक वृद्ध की गोली मारकर हत्या कर दी थी। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि इस गैंग का लीडर नितिन निवासी लुक्सर है। यह संगठित गिरोह बनाकर अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या व अन्य अपराधिक घटनाओं को अंजाम देता है। **(शेष पृष्ठ-7 पर)**

## पत्नी पर धारदार हथियार से हमला



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक-3 में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर घायल करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति ने उसके बेटे व उस पर कातिलाना हमला किया। रीना (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह मूल रूप से फिरोजाबाद की रहने वाली है और वर्तमान में अपने बेटे के साथ कुलेसरा गांव में रह रही है। 28 अक्टूबर को वह अपने बेटे सुमित के साथ मार्केट जा रही थी। इस दौरान रास्ते में पीछे से आए उसके पति रामदेव ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। उसने जब इस बात का विरोध किया तो रामदेव ने उसके ऊपर धारदार हथियार से गले पर वार कर उसे घायल कर दिया। झगड़े के दौरान उसके बेटे ने जब उसे बचाने का प्रयास किया तो रामदेव ने उसके साथ भी मारपीट की। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पति-पत्नी के बीच आपसी वाद-विवाद की बात सामने आई है।






## डिजिटल अरेस्ट

ऑनलाइन फरेब की दुनिया में हाल ही में नया शब्द जुड़ा है डिजिटल गिरफ्तारी। पहली नजर में विज्ञान कथा जैसा लगने वाला शब्द फिलहाल वास्तविक जीवन के लिये खतरा बनता जा रहा है। वे सरकारी आंकड़े डराने वाले हैं कि इस साल की पहली तिमाही में नागरिकों से इस धोखाधड़ी के जरिये एक अरब बीस करोड़ की ऑनलाइन लूट हुई। बीते रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा इस संकट का जिक्र करने के बाद यह मुद्दा राष्ट्रीय विमर्श में आ गया। उन्होंने देशवासियों से इस भय से मुक्त होने का आह्वान किया और कहा कि उन्हें इससे बचने के लिये सजगता का मंत्र अपनाना है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे घबराएं नहीं। साथ ही कहा कि सरकारी एजेंसियां कभी व्हाट्स ऐप या स्काइप आदि माध्यमों के जरिये नागरिकों से संवाद नहीं करती हैं। ये एजेंसिया कभी भी पैसे की मांग नहीं करती हैं। तेजी से पनप रहे इस संकट से बचने के लिये उन्होंने मंत्र दिया कि रुको, सोचो और एक्शन लो। दरअसल, भयादोहन करके लोगों को लूटने वाले व्हाट्स ऐप आदि से कॉल करके डराते हैं कि वे पुलिस, सीबीआई, आरबीआई या नारकोटिक्स विभाग से बोल रहे हैं। कभी कहा जाता है कि पकड़ी गई नशे की खेप में उनकी भूमिका है। कहा जाता है कि ड्रग्स वाले पार्सल जब्त होने के बाद यह सूचना दी जा रही है। उनसे कहा जाता है कि या तो वे मोटी रकम जमा करें या फिर परिणाम भुगतने के लिये तैयार रहें। दरअसल, ये शातिर अपराधी यह दावा करते हैं कि ठगे जाने वाले व्यक्ति के बारे में वे बहुत कुछ जानते हैं। भय व अज्ञान के कारण बहुत सारे भोले-भाले लोग उनके बिछाए जाल में फंसकर मोटी रकम चुका देते हैं। यह विडंबना ही है कि नागरिकों को डिजिटली सशक्त करने के लिए भारत सरकार के महत्वाकांक्षी डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने सफलता तो पाई लेकिन लोगों को साइबर अपराधों के प्रति संवेदनशील भी बना दिया। कुछ महीने पहले एक बेहद चौंकाने वाला डिजिटल अरेस्ट का घटनाक्रम सामने आया। खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह ने पद्मभूषण से सम्मानित और वर्धमान समूह के चेयरमैन एसपी ओसवाल से सात करोड़ रुपये की ठगी की थी। उन्हें दो दिनों तक डिजिटल भयचक्र में रखा गया। उन्हें किसी को फोन करने या संदेश भेजने से रोका गया। इतना ही नहीं जालसाजों ने वीडियो कॉल के जरिये सुप्रीम कोर्ट की फर्जी सुनवाई आयोजित की। कल्पना कीजिए इतने प्रभावशाली व्यक्ति को जब साइबर अपराधियों ने असहाय बना दिया, तो आम आदमी की क्या गति होगी? निस्संदेह, इससे बचने के लिये लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। खासकर उन बुजुर्गों को जो ऑनलाइन व्यवहार के प्रति ज्यादा जागरूक नहीं हैं। हालांकि, साइबर अपराधी नित नये धोखाधड़ी के हथकंडे अपना रहे हैं,लेकिन फिर भी जागरूकता बेहद जरूरी है। साइबर सुरक्षा एजेंसियों को सतर्कता, सजगता व तत्परता से ऐसे अपराधियों पर शिकंजा कसना होगा। नागरिक अनजान लोगों के फोन कॉल,ई-मेल या संदेश के प्रति सचेत रहें। उन्हें धैर्य के साथ सोचना होगा कि जिस कथित काल्पनिक अपराध के लिये उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है क्या उससे वास्तव में उनका कोई लेना -देना है? यूं तो भय-आशंका का काल्पनिक चित्रण करके साइबर अपराधी लोगों की सोचने-समझने की क्षमता पर प्रहार करते हैं। लेकिन ध्यान रहे कि कोई कोर्ट या सरकारी एजेंसी तत्काल ऑनलाइन कार्रवाई नहीं करती और न ही पैसे की मांग करती है। भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसियों की आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम को उन तथ्यों से आम लोगों को जागरूक करना चाहिए, जिनके जरिये लोगों के खाते खाली किये जा रहे हैं। लोगों को बताये जा रहे विभागों से सीधे संपर्क करके वस्तुस्थिति का संज्ञान लेना चाहिए। यदि अपराधी भयाक्रांत करते हैं तो घबराना नहीं चाहिए। किसी अपराधी को पैसे ट्रांसफर करने से पहले, इस बारे में परिवार के लोगों, मित्रों व पुलिस को सूचित करना चाहिए। लोगों को अपराधियों के संदेश का स्क्रीन शॉट लेना चाहिए, फोन कॉल रिकॉर्ड आदि सबूत सुरक्षित रखने चाहिए। साथ ही साइबर हेल्पलाइन 1930 पर डायल करें व स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

# वैश्विक शांति, स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है भारत चीन की पहल

भारत चीन दोनों ने दावा किया है कि पूर्वी लद्दाख सेक्टर के डेमचोक और देपसांग में दो टकराव बिंदुओं पर भारत और चीन के सैनिकों की वापसी शुरू हो गई है। रक्षा अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच हुए समझौतों के अनुसार, भारतीय सैनिकों ने संबंधित क्षेत्रों में पीछे के स्थानों पर अपने उपकरण वापस खींचना शुरू कर दिया है। ऐसा होने से पिछले चार साल से अधिक समय से चल रहा सैन्य गतिरोध समाप्त हो गया है। चीन ने भी ऐसा ही दावा किया है। सीमा से सेना की वापसी एक अच्छी पहल है। इससे विवाद वाले देशों में शांति होती है। विकास होता है। अब तक तनाव के दौरान सीमा और सेना पर किया जा रहा व्यय देश के विकास पर खर्च होगा। इतना सब होने पर भी चीन के रवैये को देखकर उस पर यकीन नही किया जा सकता। उसके बहुत सावधान रहने की जरूरत है। सीमा पर विकास कार्य लगातार चलाए रखने होंगे। सीमा तक सेना के अवागमन को सरल करने की प्रक्रिया चलती रहनी चाहिए। सीमा क्षेत्र में सूचना तंत्र विकसित करने का कार्य लगातार चलना चाहिए।

24 अक्टूबर को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और चीन दोनों देश समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांतों के आधार पर जमीनी स्थिति बहाल करने के लिए आम सहमति पर पहुंच गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इसमें पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और चराई की बहाली शामिल है। रक्षा मंत्री ने संबंधों में प्रगति का श्रेय निरंतर बातचीत में संलग्न होने की शक्ति को दिया, क्योंकि जल्द या बाद में, समाधान निकलेगा।

बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की और पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त व्यवस्था पर दोनों देशों के बीच हुए समझौते का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना दोनों देशों की प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए और आपसी विश्वास द्विपक्षीय संबंधों का आधार बना रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-चीन संबंध न केवल दोनों देशों के लोगों के लिए बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। वहीं विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 22 अक्टूबर को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने चीन के साथ गश्त व्यवस्था पर एक समझौता किया है, जिससे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति मई 2020 से पहले जैसी हो जाएगी।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर पेट्रोलिंग (गश्त) को लेकर हुए समझौता का श्रेय भारतीय सेना और कूटनीति को दिया। पूर्वी लद्दाख में देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों में दोनों देशों की



**24 अक्टूबर को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और चीन दोनों देश समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांतों के आधार पर जमीनी स्थिति बहाल करने के लिए आम सहमति पर पहुंच गए हैं।**

सेनाओं के बीच शुक्रवार को डिसएंगेजमेंट (सैनिक वापसी) की प्रक्रिया शुरू हुई, जो 29 अक्टूबर तक पूरी हो जाएगी। इसके बाद 30-31 अक्टूबर से गश्त फिर से शुरू की जाएगी।

पुणे में छात्रों के साथ संवाद करते हुए जयशंकर ने कहा कि संबंधों के सामान्य होने में अभी समय लगेगा, क्योंकि विश्वास और सहयोग को दोबारा स्थापित करना लंबी प्रक्रिया है। विदेश मंत्री ने बताया कि हाल ही में रूस के कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दोनों देशों के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बैठक करेंगे और आगे की रणनीति पर विचार करेंगे।

जयशंकर ने कहा, अगर आज हम उस मुकाम पर पहुंचे हैं, जहां हम हैं...तो इसका एक कारण यह है कि हमने अपनी जमीन पर डटे रहने और अपनी बात रखने के लिए बहुत दृढ़ प्रयास किया। सेना देश की रक्षा के लिए बहुत ही अकल्पनीय परिस्थितियों में (एलएसी पर) मौजूद थी, और सेना ने अपना काम किया और कूटनीति ने अपना काम किया। उन्होंने यह भी बताया कि भारत अब पिछले एक दशक की तुलना में पांच गुना अधिक संसाधन लगा रहा है, जिससे सेना को प्रभावी ढंग से तैनात किया जा सका है।

ओआरएफ में फेलो और चीन मामलों के जानकार कल्पित मणकिकर कहते हैं कि 'ऐसा एक लंबी प्रक्रिया के तहत होता है। दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और दोनों देशों के विदेश मंत्री लगातार मुलाकात करते आ रहे हैं। पिछले चार सालों से बॉर्डर मुद्दों को सुलझाने को लेकर कोशिशें लगातार हो रही है। सेना के कमांडर स्तर पर बातें अलग से होती रही हैं। भारत और चीन दोनों की ओर से इस तरह की कोशिशें की जा रही थी। हालांकि अब जो दिख रहा है, उसके मद्देनजर इस तरह की कोशिशें क्या दिशा लेंगी, इसे लेकर अभी वेट एंड वॉच की स्थिति में ही रहा जा सकता है।

2020 की झड़प के बाद से दोनों देश सीमा पर बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए भी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जिसे वास्तविक नियंत्रण रेखा के रूप में भी जाना जाता है। भारत द्वारा उच्च ऊंचाई वाले हवाई अड्डे तक एक नई सड़क का निर्माण चीनी सैनिकों के साथ 2020 में होने वाली घातक झड़प के मुख्य कारणों में से एक माना जा रहा है। अच्छा यह है कि दोनों देश मई 2020 की यथास्थिति पर वापस लौटने पर सहमत ही नही हुए, इस प्रक्रिया के लिए कार्य भी शुरू हो गया।

सीमा विवाद के चार साल के दौरान समाचार आए की चीन सीमा पर नए हवाई अड्डे-सैनिक छावनी उनके लिए बंकर बना रहा है। अपने सीमा से सटे क्षेत्र में गांव विकसित कर रहा है। भारतीय क्षेत्र के स्थानों क नाम बदल रहा है। हालांकि विवाद की अवधि में भारत ने भी सीमा पर सुरक्षा ढांचा विकसित किया है। नए एयरबेस तैयार कर रहा है। ठंडे स्थानों में रहने के लिए सैनिकों को प्रशिक्षित करने के साथ ही उनके लिए बर्फ के दौरान भी रहने के लिए सौलर से गर्म करने वाले उनके टैंट बना रहा है। इस प्रक्रिया को भारत का और तेज करना होगा। सीमा रेखा के सटाकर गांव विकसित करने होंगे तोकि चीन की गतिविधि पर नजर रखी जा सके। एक तरह से चीन की प्रत्येक कार्रवाई का उत्तर उसके कदम ही से आगे बढकर देना होगा।

एक बात और सेना की वापसी के बावजूद सीमा क्षेत्र का विकास कार्य अनवरत चलता रहना चाहिए। सीमा पर विकास कार्य लगातार चलाए रखने होंगे। सीमा तक सेना के अवागमन को सरल करने की प्रक्रिया चलती रहनी चाहिए। सीमा क्षेत्र में सूचना तंत्र विकसित करने का कार्य लगातार चलना चाहिए। सीमा क्षेत्र के गांव वालों को इसके लिए शिक्षित किया जाना चाहिए कि वे दुश्मन देश की गतिविधि पर नजर रखें। अपने क्षेत्र में तैनात अधिकारियों और सेना को छोटीङ्कबड़ी सब सूचना दें।

**- अशोक मधुप**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं )**

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि यदि तुम्हारी कन्या तप करे, तो त्रिपुरारि महादेवजी होनहार को मिटा सकते हैं। यद्यपि संसार में वर अनेक हैं, पर इसके लिए शिवजी को छोड़कर दूसरा वर नहीं है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**बर दायक प्रनतारति भंजन। कृपासिंधु सेवक मन रंजन॥**
**इच्छित फल बिनु सिव अवराधें। लहिअ न कोटि जोग जप साधें॥**

शिवजी वर देने वाले, शरणागतों के दु:खों का नाश करने वाले, कृपा के समुद्र और सेवकों के मन को प्रसन्न करने वाले हैं। शिवजी की आराधना किए बिना करोड़ों योग और जप करने पर भी वांछित फल नहीं मिलता॥

**दो0-अस कहि नारद सुमिरि हरि गिरिजहि दीन्हि असीस।**
**होइहि यह कल्यान अब संसय तजहु गिरीस॥**

ऐसा कहकर भगवान का स्मरण करके नारदजी ने पार्वती को आशीर्वाद दिया। (और कहा कि-) हे पर्वतराज! तुम संदेह का त्याग कर दो, अब यह कल्याण ही होगा॥

**कहि अस ब्रह्मभवन मुनि गयऊ। आगिल चरित सुनहु जस भयऊ॥**
**पतिहि एकांत पाइ कह मैना। नाथ न मैं समुझे मुनि बैना॥**

यों कहकर नारद मुनि ब्रह्मलोक को चले गए। अब आगे जो चरित्र हुआ उसे सुनो। पति को एकान्त में पाकर मैना ने कहा- हे नाथ! मैंने मुनि के वचनों का अर्थ नहीं समझा॥

(क्रमश:..)

# दीयों से मने दीवाली, मिट्टी के दीये जलाएँ

आज की भागती-दौड़ती जिन्दगी में लोग अपनी परंपरा को भूलते जा रहे हैं। इसका परिणाम है कि आज देश में पर्यावरण संकट के साथ-साथ कई तरह की समस्या उत्पन्न हो रही है। जिसके चलते सभी लोग और जीव-जंतु के जीवन पर संकट है। इस परंपरा में एक दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीये जलाना भी है। जिसको आज लोग भूलते जा रहे हैं और उसकी जगह पर इलेक्ट्रानिक लाइटों का उपयोग कर रहे हैं। लेकिन जो सुंदरता मिट्टी के दीये जलने पर दिखती है वह इलेक्ट्रानिक लाइटों के जलने से नहीं। इस बात को स्वयं लोग भी स्वीकार कर रहे हैं और इस परंपरा को लोगों के भूलने पर चिंता भी व्यक्त कर रहे हैं। मिट्टी के दीये जलाना परंपरा के साथ हमारी संस्कृति है। अपनी संस्कृति को कोई कैसे भूल सकता है। इसका सभी लोगों को ध्यान रखना चाहिए। मिट्टी के दीये जलाने के कई लाभ है। जिसका उल्लेख कई जगहों पर देखने और सुनने को मिलता है। इसलिए सभी लोग मिट्टी के दीयें जलाएँ।



दीपावली का त्यौहार मिट्टी के दीये से जुड़ा हुआ है। यह हमारी संस्कृति में रचा-बसा हुआ है। दीया जलाने की परंपरा आदि काल से रही है। भगवान राम की अयोध्या वापसी की ख़ुशी में अयोध्यावासियों ने घर-घर दीप जलाया था, तब से ही कार्तिक महीने में दीपों का यह त्यौहार मनाये जाने की परंपरा रही है। पिछले दो दशक के दौरान कृत्रिम लाइटों का क्रेज बढ़ा है। आधुनिकता की आंधी में हम अपनी पौराणिक परंपरा को छोड़कर दीपावली पर बिजली की लाइटिंग के साथ तेज ध्वनि वाले पटाखे चलाने लगे हैं। इससे एक तरफ़ मिट्टी के कारोबार से जुड़े कुम्हारों के घरों में अँधेरा रहने लगा, तो ध्वनि और वायु प्रदूषण फैलानेवाले पटाखों को अपना कर अपनी सांसों को ही खतरे में डाल दिया। अपनी परंपराओं से दूर होने की वज़ह से ही कुम्हार समाज अपने पुश्तैनी धंधे से दूर होता जा रहा है। दूसरे रोजगार पर निर्भर होने लगे हैं।एक समय था जब दीपावली पर्व को लेकर लोग मिट्टी के दीये खरीदने के लिए पहले ही कुम्हार को आर्डर कर देते थे। तब गाँव या अन्य किसी गाँव के कुम्हार के घर के सभी सदस्य काम में व्यस्त होते थे।

दीपावली पर्व पर कई लोगों के आर्डर को पूरा करने में दिन रात एक कर मेहनत करते थे। हालांकि उस समय उतनी आमदनी नहीं होती थी, लेकिन कुम्हारों को भी एक रुचि रहती थी कि इस परंपरा को जीवंत रखना है। लेकिन आज लोग मिट्टी के दीये जलाना धीरे-धीरे कम कर दिए हैं, इससे अब कुम्हार भी इसमें रुचि नहीं ले रहे। जिसका नतीजा है कि आज दीपावली पर्व में लोग घर में दो-चार मिट्टी के दीये जला कर सिर्फ़ एक परंपरा को किसी तरह निर्वहन कर रहे हैं। ज्यादातर लोग इलेक्ट्रानिक लाइटों, झालर और अन्य लाइटों को जला कर ही दीपावली पर्व में अपने घर को रोशनी से जगमग करने की कोशिश कर रहे हैं। हम सभी अब दीपावली के नाम पर पर्यावरण को दूषित कर रहे हैं। अब हमें पुन: अपनी परंपरा को समझना होगा। हमें मिट्टी के दिये जलाने की परंपरा की पुन: शुरुआत करनी होगी। इससे कीड़े मकोड़े मरते हैं। झालर और लाइट से कीड़े नहीं मरते। हमारी संस्कृति सरसों के तेल के दिये जलाना है, अच्छे पकवान बनाना, मिठाइयाँ खाना और पड़ोसी को भी खिलाना, लोगों को उपहार देना आदि है। लेकिन लोग अब उतने समझदार नहीं हैं इसलिए पटाखे छूटेंगे।

लोग मिट्टी के दीये जलाएँ। इससे प्रदूषण भी नहीं होगा और परंपरा भी जीवंत रहेगी। दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीये जलाना पूर्वजों के द्वारा बनाई गई परंपरा है। इसे हम सभी लोगों को बरकरार रखना चाहिए। दिवाली में मिट्टी के दीये जलाना हमारी संस्कृति और प्रकृति से जुड़ने का बहुत ही सुगम साधन है। यह भारतीय संस्कृति में बहुत ही शुभ और पवित्र माना जाता है। मिट्टी के दीये प्रेम, समरसता और ज्ञान के प्रतीक हैं। सामाजिक व आर्थिक आधार पर भी दीयों की खूबसूरती जगजाहिर है। इस बार दीपावली के दिन मिट्टी के दीये जलाने का संकल्प लेकर संस्कृति का बचाव करना है। सभी लोग मिट्टी के दिये ही जलाएँ। आज की युवा पीढ़ी इलेक्ट्रानिक लाइटों के प्रति अधिक रुचि रख रही है। घरों को सजाने से लेकर दीये जलाने में इलेक्ट्रानिक लाइटों का ही उपयोग कर रही है। जबकि यह सोचना चाहिए कि हमारी संस्कृति और परंपरा का निर्वहन करना युवाओं के कंधे पर ही है। गाँव या किसी शहर में जो कुम्हार है वह आज भी मिट्टी के दीये बनाते हैं। इसमें उन्हें सिर्फ़ आमदनी का लालच नहीं होता बल्कि उनमें अपनी संस्कृति और परंपरा को बरकरार रखने का उत्साह होता है। लेकिन लोग इसे भूलते जा रहे हैं।

परंपरा व पर्यावरण के संरक्षण के लिए मिट्टी के दीये जलाना है। इनसे कोई प्रदूषण नहीं होता। कृत्रिम रोशनी आंखों और त्वचा के लिए हानिकारक होती है। मिट्टी के दीये की रोशनी आंखों को आराम पहुँचाती है। मिट्टी के दीये हमारी संस्कृति के एक अहम अंग हैं। दिवाली पर इसे जलाकर हम अपनी परंपराओं को याद रखते हैं। मिट्टी के दीये बनाने वाले कारीगरों को प्रोत्साहित करने का भी यह अच्छा मौका है। आइये, इस दीपावली, हम सभी मिलकर मिट्टी के दीये जलाएँ और एक स्वच्छ और हरा-भरा पर्यावरण बनाने में अपना योगदान दें। लोगों को इस पर विचार करना चाहिए। वर्तमान में अपनी परंपरा को बरकरार रखने और पर्यावरण बचाने के लिए इस दीपावली मिट्टी की दीये जलाने के प्रति लोगों ख़ास कर बच्चों व युवाओं को जागरूक करने के लिए अभियान भी चलाएँ। **-प्रियंका सौरभ**

### सबके पास उजाले हो

मानवता का संदेश फैलाते,
मस्जिद और शिवाले हो।
नीर प्रेम का भरा हो सब में,
ऐसे सब के प्याले हो।।

होली जैसे रंग हो बिखरे,
दीपों की बारात सजी हो,
अंधियारे का नाम न हो,
सबके पास उजाले हो।।

हो श्रद्धा और विश्वास सभी में,
नैतिक मूल्य पाले हो।
संस्कृति का करे सब पूजन,
संस्कारों के रखवाले हो।।

चौराहें न लुटे अस्मत,
दुश्शासन न फिर बढ़ पाए,
भूख, गरीबी, आतंक मिटे,
न देश में धंधे काले हो।।

सच्चाई को मिले आजादी,
लगे झूठ पर ताले हो।
तन को कपड़ा, सिर को साया,
सबके पास निवाले हो।।

दर्द किसी को छू न पाए,
न किसी आंख से आंसू आए,
झोंपड़ियों के आंगन में भी,
खुशियों की फैली डाले हो।।

'जिए और जीने दे' सब
न चलते बरछी भाले हो।
हर दिल में हो भाईचारा
नाग न पलते काले हो।।

नगमों-सा हो जाए जीवन,
फूलों से भर जाए आंगन,
सुख ही सुख मिले सभी को,
एक दूजे को संभाले हो।।

**-प्रियंका सौरभ**

## राशिफल

**कार्तिक कृष्ण पक्ष : त्रयोदशी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
मन आनंदित रहेगा। प्रेम में लिप्त रहेंगे। संबंधों में लिप्त रहेंगे। नौकरी चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी रहेगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
शत्रु स्वयं नतमस्तक होंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य थोड़ा ऊपर-नीचे रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
नव प्रेम का आगमन होगा। बच्चों की स्थिति में सुधार। प्रेम में बहुत अपनापन। विद्यार्थियों के लिए बहुत अच्छा समय।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
लग्जरीपूर्ण जीवन रहेगा। भूमि, भवन वाहन की खरीदारी संभव है। घर में कुछ उत्सव संभव है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
पराक्रम रंग लाएगा। अपनों का साथ होगा। व्यावसायिक सफलता मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान का साथ।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। मन प्रफुल्लित रहेगा। अच्छे भोजन का रसास्वादन करेंगे।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
समाज में आपका कद बढ़ेगा। समाज में आप सराहे जाएंगे। जरूरत के हिसाब से जीवन में वस्तुएं उपलब्ध होंगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
खर्च की अधिकता रहेगी लेकिन आभूषण, फैशन व जेवर इत्यादि में खर्चे होंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
धन आगमन होगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। यात्रा में लाभ होगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
व्यापारिक स्थिति दूर-दूर तक पहुंचेगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भाग्यवश कुछ काम बनेंगे। कार्यों की विघ्न बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम-संतान अच्छा, व्यापार बहुत अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
आपके घर में पूजा-पाठ आदि कार्य होंगे। आपको जल्द ही शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है।

## उत्तराखंड पब्लिक स्कूल में अभिभावकों के साथ की मारपीट




**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर-56 स्थित उत्तराखंड पब्लिक स्कूल में 28 अक्टूबर को स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों के बीच में विवाद के दौरान वहां पर अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने गए एक अभिभावकों के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की, तथा उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना सेक्टर-58 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि बीती रात को कुलदीप चौहान ने थाना सेक्टर 58 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके दो बच्चे उत्तराखंड पब्लिक स्कूल सेक्टर 56 में पढ़ते हैं। पीड़ित के अनुसार 28 अक्टूबर को वह अपने बच्चों को सुबह सवा आठ बजे के करीब छोड़ने के लिए स्कूल गए थे। वहां देखा कि स्कूल के बाहर अध्यापिकाओं का धरना चल रहा है। उनके साथ कुछ अभिभावक भी खड़े थे। उन्होंने अध्यापिकाओं से बातचीत करने की कोशिश की तो भीड़ से कुछ अभिभावक उग्र हो गए तथा उनके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार ये लोग उसे मारने लगे। उसने वीडियो बनाने के लिए अपना मोबाइल चालू किया तो इन लोगों ने उसका मोबाइल छीन लिया और उसे जमीन पर पटकर तोड़ दिया। पीड़ित के अनुसार वहां से उसने भाग कर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने इस मामले में संतोष खंडूरी, अश्वनी सिंह, देवेंद्र, नरेश रावत तथा कुछ अज्ञात लोगों को नामित करते हुए थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है।

# झुग्गियां हटाने गए प्राधिकरण के अधिकारियों पर पथराव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने के अभियान के तहत मंगलवार को प्राधिकरण की टीम नोएडा के सेक्टर-78 में झुग्गियां को हटाने पहुंची थी। इस दौरान नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को स्थानीय लोगों के तीव्र विरोध का सामना करना पड़ा। इस क्षेत्र में कार्रवाई शुरू होते ही टीम ने झुग्गीवासियों ने विरोध स्वरूप प्रधिकरण की टीम पर पथराव किया। जिससे जेसीबी मशीन के शीशे टूट गए। स्थिति बिगड़ती देख अधिकारियों ने पुलिस को बुलाया ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। पुलिस की मदद से हंगामे के बीच अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया को जारी रखा गया। प्राधिकरण की टीम ने ग्रीन बेल्ट पर बनी झुग्गियों को हटाने के लिए पूरी ताकत झोंकी। लेकिन स्थानीय लोगों का विरोध तेज होता गया। कुछ समय बाद यह स्थिति देखकर प्राधिकरण की टीम ने फैसला किया कि कुछ कार्रवाई के बाद लौट जाना उचित होगा। प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार शुरुआत में पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थे। जिसके कारण समस्या और बढ़ गई। हालांकि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अधूरी रह गई, लेकिन प्राधिकरण ने इस अभियान को आगे बढ़ाने की योजना बनाई है। अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए पुलिस बल को पहले से तैनात किया जाएगा। प्रशासन का लक्ष्य अवैध कब्जों को खत्म करना है।






## भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्रियों को दी दीपावली की शुभकामनाएं







**नई दिल्ली ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) तथा राज्यसभा सदस्य अरूण सिंह के आवास पर मिलकर नोएडा के वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी पं. रविकांत मिश्रा ने दीपावली तथा गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दीं। वहीं पं0 रविकांत मिश्रा भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल से भी मिले तथा उनको भी दीपावली की शुभकामनाएं दीं।










## इंस्ट्राग्राम पर स्कूल को किया बदनाम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-20 में एक निजी स्कूल के प्रधानाचार्य ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ स्कूल की छवि को धूमिल करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। प्रधानाचार्य का आरोप है कि कोई अज्ञात व्यक्ति पिछले कुछ समय से इंस्टाग्राम पर स्कूल के छात्र व छात्राओं को फोटो लगाकर उन पर अभद्र व अश्लील टिप्पणी कर स्कूल की छवि को धूमिल करने का काम कर रहा है। सेक्टर-19 स्थित मेरीगोल्ड पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके स्कूल के नाम की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बना रखी है। इस आईडी पर पिछले कुछ समय से स्कूल के छात्र छात्राओं के फोटो लगाकर उन पर अभद्र व अश्लील टिप्पणियां की जा रही है जिस कारण स्कूल के छात्र-छात्राओं तथा स्कूल की छवि खराब हो रही है। उन्होंने आशंका जताई कि इन पोस्ट से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि छात्र-छात्राओं पर किसी अपराधी किस्म के व्यक्ति द्वारा अनैतिक दबाव भी बनाया जा रहा है।



















## रोड्री ने जीता बैलोन डीओर का खिताब, रियल मैड्रिड ने समारोह का बहिष्कार किया



**पेरिस, एजेंसी।** मैनचेस्टर सिटी और स्पेन के मिडफील्डर रोड्री को लगातार चौथा प्रीमियर लीग खिताब और यूरो 2024 जीतने के बाद सोमवार को पुरुषों के बैलन डीओर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। हालांकि, रियल मैड्रिड फुटबॉल क्लब ने समारोह का बहिष्कार किया। रोड्री को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए पुरस्कार देने का फैसला आश्चर्यजनक के रूप में आया। रियल मैड्रिड के लीगा और चैंपियंस लीग डबल विजेता विनिसियस जूनियर को व्यापक रूप से पसंदीदा के रूप में देखा गया था। पेरिस में समारोह से कुछ घंटे पहले, स्पेनिश क्लब ने घोषणा की कि उसका प्रतिनिधिमंडल चैटलेट थिएटर में समारोह में भाग नहीं लेगा क्योंकि इसे विनिसियस के बहिष्कार के रूप में देखा जाएगा।

28 वर्षीय रोड्री ने प्रीमियर लीग के पिछले सीजन में सिटी को आर्सेनल से जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा यूरो 2024 में उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट नामित किया गया था। जर्मनी में खेले गए यूरो कप में स्पेन ने खिताब जीता था। इससे पहले समारोह से कुछ घंटे पहले ही ड्रामा शुरू हो गया जब स्पेनिश और यूरोपीय चैंपियन रियल ने कहा कि अगर विनिशियस विजेता नहीं होते हैं तो यह पुरस्कार उनके साथी दानी कार्वाजल को दिया जाना चाहिए।ब्राजील के कार्वाजल ने वेम्बले में चैंपियंस लीग फाइनल में बोरुसिया डॉर्टमंड के खिलाफ 2-0 की जीत में गोल किया था। विनिसियस ने मैड्रिड के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 39 मैचों में 24 गोल किए और 11 असिस्ट किए। विनिसियस की मदद से क्लब ने तीन खिताब जीते थे। रियल मैड्रिड ने एएफपी से कहा, अगर पुरस्कार मानदंड विजेता के रूप में विनिसियस को नहीं चुनता है, तो उन्हीं मानदंडों को कार्वाजल को विजेता के रूप में इंगित करना चाहिए। मैड्रिड के नामांकितों में किलियन एमबाप्पे, एंटोनियो रुडिगर, फेडे वाल्वरडे और जूड बेलिंघम भी शामिल थे। बैलोन डीओर के विजेता को 100 विशेषज्ञ पत्रकारों की एक अंतरराष्ट्रीय जूरी द्वारा शॉर्टलिस्ट से चुना जाता है। वहीं, मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला ने रोड्री को सर्वश्रेष्ठ के रूप में वर्णित किया है। उनके गोल ने सिटी को 2023 में अपना पहला चैंपियंस लीग खिताब दिलाया था, लेकिन उन्होंने स्पेन के लिए महत्वपूर्ण गोल भी किए।

## भारत के खिलाफ तीसरा टेस्ट भी नहीं खेलेंगे केन विलियमसन

**वेलिंगटन, एजेंसी।** ग्रोइन इंजरी से जूझ रहे केन विलियमसन भारत के ख़िलाफ़ 1 नवंबर से मुंबई में शुरू हो रहे तीसरे और अंतिम टेस्ट में भी नहीं खेलेंगे। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा है कि इंग्लैंड के ख़िलाफ़ आगामी तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में विलियमसन की फ़िटनेस सुनिश्चित करने के कारणवश कीवी बल्लेबाज़ तीसरे टेस्ट के लिए भारत नहीं जाएंगे।न्यूज़ीलैंड के कोच गैरी स्टीड के हवाले से एनजेडसी ने कहा, केन की स्थिति में काफ़ी सुधार हुआ है लेकिन इस समय वह हमारे साथ जुड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। इसलिए हमारे विचार में उन्हें अभी न्यूज़ीलैंड में रिहैब करना चाहिए ताकि वह इंग्लैंड के ख़िलाफ़ श्रृंखला के लिए तैयार हो सकें।इंग्लैंड के ख़िलाफ़ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला क्राइस्टचर्च में 28 नवंबर से शुरू होने वाली है। विलियमसन को यह चोट श्रीलंका दौरे के दौरान लगी थी जिसके चलते विलियमसन भारत के ख़िलाफ़ पहले दो टेस्ट मैचों का भी हिस्सा नहीं बन पाए थे।

# न्यूज़ीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में डेब्यू कर सकते हैं हर्षित राणा!

**मुंबई, एजेंसी।** टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज गंवा दी है और अब तीसरे मैच में कमबैक करने के लिए अपनी पूरी जान लगा रही है। इस क्रम में टीम में एक बड़ा बदलाव किया है। तेज गेंदबाज हर्षित राणा को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। मुंबई टेस्ट 1 नवंबर से खेला जाएगा। दिल्ली के 22 वर्षीय तेज गेंदबाज, जिन्होंने मौजूदा सत्र में गेंद और बल्ले दोनों से प्रभावित किया है, शुक्रवार को टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू कर सकते हैं। वह दिल्ली के लिए राउंड चार के मैचों में नहीं खेल पाएंगे और मंगलवार शाम को मुंबई के लिए रवाना होंगे।



टेस्ट टीम में युवा तेज गेंदबाज का चयन भारत के घरेलू सर्किट में अच्छे खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन को दर्शाता है। पुणे में न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में सीरीज हारने से एक दिन पहले, उन्हें ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए 18 सदस्यीय टीम में भी शामिल किया गया था।

राणा को दिल्ली की ओर से असम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के तीसरे दौर के मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद टीम में शामिल किया गया है। इससे पहले, उन्हें मैच अभ्यास के लिए राष्ट्रीय टीम के साथ यात्रा करने वाले रिजर्व खिलाड़ी की भूमिका से फ्री कर दिया गया था। अरुण जेटली स्टेडियम में राणा ने अपनी ऑलराउंडर क्षमता का परिचय देते हुए पांच विकेट लिए और बल्ले से एक महत्वपूर्ण अर्धशतक (59) भी जड़ा। उनके प्रयासों से दिल्ली ने 10 विकेट से शानदार जीत हासिल की और एक महत्वपूर्ण बोनस अंक अर्जित किया।

उनकी गति और सटीकता ने चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया, जिससे उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ भारत की टी20 टीम में जगह मिली। हालांकि उन्होंने उस सीरीज में डेब्यू नहीं किया, लेकिन राणा ने अपनी क्षमता साबित करना जारी रखा। श्रृंखला में 2-0 से पिछड़ रही भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के महत्वपूर्ण दौरे पर रवाना होने से पहले मुंबई में जीत दर्ज करना चाहेगी।

रणजी ट्रॉफी

# महाराराष्ट्र की दमदार जीत मेघायल को 10 विकेट से हराया

**औरंगाबाद, एजेंसी।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद मुर्तजा ट्रंकवाला (नाबाद 78) की पारी के दम पर महाराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी के ग्रुप ए मुकाबले में मेघायल को 10 विकेट से हरा दिया है। दूसरी पारी में महाराष्ट्र के मुर्तजा ट्रंकवाला और सिद्धेश वीर की सलामी जो?ी ने शानदार बल्लेबाजी मुजाहिरा करते हुए 21.1 ओवर में 104 रन बनाकर अपनी टीम को दस विकेट से जीत दिला दी। मुर्तजा ट्रंकवाला (नाबाद 78) और सिद्धेश वीर (24) रन पर नाबाद रहे।



दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी मेघायल की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसके बल्लेबाज मुकेश चौधरी की गेंदबाजी के आगे बेबस दिखे। एक समय मेघालय ने 50 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिए थे। सुमित कुमार ने सर्वाधिक (45) रन बनाए। बालचंदर अनिरुद्ध (36), आकाश चौधरी (26) रन बनाकर आउट हुये। मेघायल की पूरी टीम 55.5 ओवर में 185 के स्कोर पर सिमट गई। महाराष्ट्र को जीत के लिए 100 रनों का लक्ष्य मिला। महाराष्ट्र की ओर से मुकेश चौधरी ने चार विकेट लिये। रजनीश गुरबानी और प्रदीप दाढ़े को दो-दो विकेट मिले। हितेश वालुंज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

मेघायल के 276 रनों के जवाब में महाराष्ट्र के हर्षल काटे (128), अजीम काजी (66), मंदार भंडारी (73), रजनीश गुरबानी (26) और सिद्धेश वीर (26) रनों के योगदान से 106.2 ओवर में 361 का स्कोर ख?ा किया। इसी के साथ ही महाराष्ट्र को पहली पारी के आधार पर 85 रनों की बढ़त मिल गई। मेघायल की ओर से आकाश चौधरी ने चार विकेट लिए। अजय दुहान को दो विकेट मिले। चेंगकाम संगमा, दीपू संगमा और आर्यन बोरा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले महाराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने के फैसले को सही साबित करते हुए मेघायल की टीम को पहली पारी में 88.3 ओवर में 276 के स्कोर पर रोक दिया था। बालचंद्र अनिरुद्ध ने (142) रनों की शतकीय पारी खेली। अजय दुहान ने (34), बामनभा शांगप्लियांग (33), किशन लिंगदोह और (22) रनों की पारी खेली थी। महाराष्ट्र की ओर से मुकेश चौधरी ने चार विकेट लिये। रजनीश गुरबानी को तीन विकेट मिले। प्रदीप दाढ़े, सिद्धेश वीर और हितेश वालुंज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## फाइनल तक नहीं पहुंचने का दुख लेकिन कांस्य जीतने की खुशी, जूनियर हॉकी टीम के कप्तान का बयान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत पूरे टूर्नामेंट में अंकों के आधार पर शीर्ष पर रहा लेकिन आस्ट्रेलिया से 0-4 से हार के बाद गोल औसत में ब्रिटेन से एक गोल से पिछड़कर फाइनल में जगह नहीं बना सका। भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम के कप्तान आमिर अली ने स्वीकार किया कि सुल्तान जोहोर कप के फाइनल के लिये क्वालीफाई नहीं कर पाने से वह दुखी हैं लेकिन कहा कि खाली हाथ लौटने से कांस्य पदक काफी अच्छा है। भारत ने तीसरे और चौथे स्थान के मुकाबले में न्यूजीलैंड को शूटआउट में हराकर मलेशिया के जोहोर बाहरू में हुए जूनियर टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता।

अली ने कहा, गोल औसत के आधार पर फाइनल से बाहर रहने का हमें दुख है, लेकिन एक टीम के रूप में हमने तय किया कि पीछे मुड़कर देखने का कोई फायदा नहीं है। हमने कांस्य पदक के मुकाबले पर फोकस करने का फैसला किया और खुद से वादा किया कि हम खाली हाथ नहीं लौट सकते। भारत पूरे टूर्नामेंट में अंकों के आधार पर शीर्ष पर रहा लेकिन आस्ट्रेलिया से 0-4 से हार के बाद गोल औसत में ब्रिटेन से एक गोल से पिछड़कर फाइनल में जगह नहीं बना सका। जूनियर टीम के कोच के तौर पर महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश का यह पहला टूर्नामेंट था। अली ने कहा, हमें श्री भाई ( श्रीजेश) से बेहतर मेंटोर नहीं मिल सकता था।

## बाबर की वजह से गैरी कर्स्टन ने दिया पद से इस्तीफा, ये खिलाड़ी बन सकता है पाकिस्तान वनडे-टी20 टीम का कोच!

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट में हाई वोल्टेज ड्रामा फिर से चालू है और सभी क्रिकेट फैंस उसे बस देख रहे हैं। ऐसा पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान क्रिकेट में इस तरह का उथल-पुथल मचा हुआ हो, ऐसा पहले भी हो चुका है। ताजा घटनाक्रम में पाकिस्तान के वनडे और टी20 टीम के नए कोच गैरी कर्स्टन ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और इसके बाद फिलहाल के लिए ये जिम्मेदारी टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी को दे दिया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि गैरी की जगह अब इस टीम के नए कोच सकलैन मुश्ताक बन सकते हैं। वहीं कुछ रिपोर्ट सामने आई हैं जिसके मुताबिक गैरी ने ये कदम बाबर आजम की वजह से उठाया था।

गैरी ने कोच पद से आखिर क्यों इस्तीफा दिया इसका खुलासा क्रिकेट पाकिस्तान ने किया है। क्रिकेट पाकिस्तान की रिपोर्ट के मुताबिक गैरी के हेड कोच पद से इस्तीफा देने के फैसले के पीछे बाहर आजम सबसे मुख्य कारण थे। ऐसा इस



वजह से है कि बाबर आजम को खेलने को लेकर गैरी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच असहमति थी। रिपोर्ट के मुताबिक गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी चाहते थे कि जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे और टी20आई सीरीज के लिए बाबर आजम को आराम नहीं दिया जाए। इनका मानना था कि बाबर अगर इस सीरीज में खेलते हैं तो इससे उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए कंडीशन में अभ्यस्त होने का पूरा मौका मिलेगा।

# विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर क्यों ब्लॉक किया, मैक्सवेल ने उस वजह का खुलासा किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने खुलासा किया कि 2017 में भारत में आयोजित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान उनके कंधे की चोट का मजाक उड़ाने पर स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने उन्हें ब्लॉक कर दिया था। मैक्सवेल ने एक पॉडकास्ट में बोलते हुए खुलासा किया कि जब वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) कैंप में शामिल हुए तो भारतीय सुपरस्टार ने उनका बहुत अच्छा स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में अपने तत्कालीन कप्तान के साथ बातचीत करने के बाद उन्होंने उन्हें सोशल मीडिया पर खोजने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं मिले।

मैक्सवेल ने कहा, ब मुझे पता चला कि मैं आरसीबी में जा रहा हूं, तो विराट मुझे मैसेज करने वाले और टीम में मेरा स्वागत करने वाले पहले व्यक्ति थे। जब मैं आईपीएल से पहले के प्रशिक्षण शिविर में गया, तो जाहिर तौर पर हम बातचीत करने लगे और साथ में काफी समय प्रशिक्षण में बिताया। इसलिए मैं उन्हें फॉलो करने के लिए उनके सोशल मीडिया पर जाता हूं। इससे पहले मैंने इसके बारे में सोचा भी नहीं था। मेरे दिमाग में कभी ऐसा नहीं आया। मैं ऐसा था कि उन्हें ढूंढ नहीं पा रहा हूं।



उन्होंने खुलासा किया कि किसी ने उनसे कहा कि विराट ने शायद उन्हें ब्लॉक कर दिया है और उनसे पूछने पर पता चला कि यह सच था। ऐसा इसलिए था क्योंकि मैक्सवेल ने रांची में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के दौरान विराट की कंधे की चोट का मजाक उड़ाया था। मैक्सवेल ने कहा, मुझे यकीन है कि वह कहीं न कहीं सोशल मीडिया पर हैं, इसलिए मैंने इसके बारे में कुछ नहीं सोचा। ऐसा नहीं है कि शायद उन्हें इंस्टाग्राम का ज्ञान नहीं है। मुझे समझ में नहीं आया कि वह क्यों नहीं आ रहे हैं और फिर किसी ने कहा कि शायद उन्होंने आपको ब्लॉक कर दिया है। यही एकमात्र तरीका है जिससे आप उन्हें ढूंढ नहीं पा रहे हैं। मैंने सोचा कि निश्चित रूप से ऐसा नहीं है। मैक्सवेल ने कहा, फिर मैं उसके पास गया और उससे पूछा क्या तुमने मुझे इंस्टाग्राम पर ब्लॉक कर दिया है? और उसने कहा, हां शायद। यह तब हुआ जब तुमने उस टेस्ट मैच के दौरान मेरा मजाक उड़ाया था। मैंने कहा हां, यह काफी सही है। तो हां, उसने मुझे अनब्लॉक कर दिया और उसके बाद हम अच्छे दोस्त बन गए।

आरसीबी में शामिल होने के बाद से मैक्सवेल ने फ्रैंचाइजी के लिए 52 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 28.77 की औसत और 159.25 की स्ट्राइक रेट से 1,266 रन बनाए हैं जिसमें 78 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ टीम के लिए 12 अर्द्धशतक भी शामिल हैं। गुरुवार को आईपीएल रिटेंशन की घोषणा की जाएगी, सभी की निगाहें आरसीबी पर होंगी कि क्या मैक्सवेल को उनके द्वारा रिटेन किया जाता है या नहीं।

# 16 साल की उम्र में कैंसर को हराया, ऑस्ट्रेलिया के कलर ब्लाइंड क्रिकेटर ने संन्यास लिया

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने मंगलवार (29 अक्टूबर) को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। वह पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की व्हाइट बॉल सीरीज में सहायक कोच की भूमिका में दिखेंगे। वह ऑस्ट्रेलिया के फील्डिंग और विकेटकीपिंग कोच होंगे। हाल ही में उन्होंने लेवल 3 कोचिंग का सर्टिफिकेट हासिल किया है।

2021 टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में वेड की पारी को हमेशा याद किया जाएगा। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को संकट से उबारकर जीत दिला दी थी। फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर ऑस्ट्रेलिया पहली बार टी20 चैंपियन बना था। वेड का जीवन संघर्षों से भरा है। उन्हें 16 साल की उम्र में कैंसर हो गया था। वह कलर ब्लाइंड भी हैं। इसके अलावा बढ़ई और प्लंबर का काम किया है।



### 16 साल की उम्र में कैंसर और प्लंबर का काम

मैथ्यू वेड 16 साल के थे जब उन्हें संयोग से पता चला कि उन्हें अंडकोष का कैंसर है। फुटबॉल मैच के दौरान उन्हें ग्रोइन इंजरी हो गई थी। इसके इलाज के दौरान उन्हें यह बुरी खबर मिली। उनका 2 बार कीमोथेरेपी हुआ। जब कैंसर का इलाज चल रहा था तो उन्हें लगा कि वह खेल नहीं सकते। इसलिए उन्होंने प्लंबर की ट्रेनिंग ली।

वेड कलर ब्लाइंड हैं यानी उन्हें रंग में अंतर समझने में दिक्कत होती है। इस वजह से उन्हें डेनाइट क्रिकेट में विशेषकर गुलाबी गेंद से खेलने में परेशानी होती है। इसे लेकर उन्होंने एक बार बताया था, कई बार यह पता लगाने में थोड़ा समय लगता है कि गेंद कहां से आ रही है। मैं गेंद का रंग देख सकता हूं, इसलिए मैं उसे पीक कर लेता हूं।÷ पूर्व ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट ओपनर बल्लेबाज क्रिस रोजर्स भी कलर ब्लाइंड थे और उन्होंने 2014 में पिंक बॉल वाले मैच से अपना नाम वापस ले लिया था।

### बढ़ई का काम और बच्चे का जन्म समय से पहले करवाना

2018 में जब टीम से बाहर होने के बाद वेड ने बढ़ई का काम शुरू किया और 9-10 महीने तक काम किया। अगर उनकी पत्नी न होती तो शायद ही उनकी ऑस्ट्रेलिया की टीम में उनकी वापसी हो पाती। जब उन्हें एशेज से पहले 'ए' दौरे के लिए चुना गया तो उन्होंने अपनी पत्नी जूलिया को फोन करके बताया कि वे चयनकर्ताओं को बता देंगे कि वे नहीं चुने जाना चाहते। लेकिन उनकी पत्नी के मन में कुछ और ही चल रहा था। उन्होंने अपने डॉक्टर को फोन करके तय समय से पहले ही बच्चे का जन्म कराने को कहा।



# कैथी 2 के लिए तैयार कार्ति, लोकेश कनगराज के साझा किया फिल्म के सीक्वल पर अपडेट

लोकेश कनगराज ने बैक-टू-बैक ब्लॉकबस्टर के साथ खुद को तमिल सिनेमा के सबसे अधिक मांग वाले फिल्म निर्माताओं में से एक के रूप में स्थापित किया। निर्देशक ने अपनी प्रसिद्ध फिल्मों कैथी, विक्रम और लियो के साथ उद्योग में एक एक्शन सिनेमा ब्रह्मांड की सफलतापूर्वक स्थापना की। हाल ही में लोकेश कनगराज ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर कार्ति अभिनीत कैथी फिल्म के रिलीज के पांच साल पूरे होने पर दो बड़ी अपडेट साझा की। फिल्म निर्माता ने एक विशेष पोस्ट के साथ कैथी 2 की पुष्टि की और ऑरिजिंस ऑफ एलसीयू शॉर्ट फिल्म पर एक बड़ा अपडेट दिया।

## कैथी 2 की शूटिंग

फिल्म निर्माता लोकेश कनगराज ने हाल ही में अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर कार्ति के साथ एक विशेष तस्वीर साझा की, क्योंकि उन्होंने अपनी पहली ब्लॉकबस्टर कैथी के पांच साल पूरे होने का जश्न मनाया। पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, यह सब यहां से शुरू हुआ। कार्ति सर, प्रभुदेवा सर और इसे संभव बनाने के लिए यूनिवर्स का आभारी हूं। दिल्ली जल्द ही वापस आएगी। अब आधिकारिक तौर पर घोषणा की कि कैथी 2 जल्द ही फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है।

ऑरिजिंस ऑफ एलसीयू पर अपडेट

इसके बाद में निर्देशक लोकेश कनगराज ने ऑरिजिंस ऑफ एलसीयू का एक विशेष पोस्टर साझा किया, जो बहुप्रतीक्षित शॉर्ट फिल्म है, जो एक्शन थ्रिलर फेंचाइजी के जन्म के पीछे की कहानी बयां करती है। पोस्ट साझा करते हुए लोकेश ने लिखा, एक शिक्षण अभ्यास, जिसके कारण एलसीयू की उत्पत्ति के लिए 10 मिनट की प्रस्तावना तैयार हुई। चैप्टर जीरो अनलॉक।

## चैप्टर जीरो पर अपडेट

नए अपडेट के अनुसार, शॉर्ट फिल्म के पहले अध्याय की 10 मिनट की प्रस्तावना जल्द ही सामने आने वाली है, जिसे चैप्टर जीरो शीर्षक दिया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, एलसीयू के ज्यादातर मुख्य स्तंभ ऑरिजिंस ऑफ एलसीयू शॉर्ट फिल्म का हिस्सा होंगे

इन सितारों में अभिनेता नारायण, अर्जुन दास, कालिदास जयराम, संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर, एडिटर फिलोमिन राज और कई अन्य शामिल हैं। लोकेश कनगराज निर्देशित यह फिल्म तमिल सिनेमा में एक्शन सिनेमा यूनिवर्स बनाने के पीछे की अवधारणा को उजागर करेगी।



# इन छह फिल्मों से दिल जीतने आ रहीं रश्मिका मंदाना, दो की होने जा रही बॉक्स ऑफिस पर भिड़ंत!

साउथ हसीना रश्मिका मंदाना ने पैन इंडिया फिल्म पुष्पा में काम कर नॉर्थ बेल्ट में भी अपनी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग बना ली। इसके बाद अभिनेत्री को गुड बाय और मिशन मजनू जैसी फिल्मों में देखा गया। हालांकि, रश्मिका को साल 2023 की आखिरी में रिलीज हुई संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी फिल्म एनिमल से अच्छी खासी लोकप्रियता हासिल हुई। रणबीर कपूर अभिनीत इस फिल्म में नेशनल क्रश का अभिनय काबिल-ए-तारीफ रहा है। रश्मिका की ब्रैंड वैल्यू का ही नतीजा है कि दिन-ब-दिन उनकी डिमांड बढ़ती ही जा रही है। आने वाले दिनों में रश्मिका को एक नहीं, दो नहीं, तीन नहीं बल्कि छह बहुप्रतीक्षित फिल्मों में देखा जाएगा।

**पुष्पा- द राइज**

सुकुमार के निर्देशन में बनी फिल्म पुष्पा- द राइज ने घरेलू सहित विदेशी बॉक्स ऑफिस पर सफलता का परचम लहरा दिया। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अभिनीत इस फिल्म ने कई रिकॉर्ड तोड़े। वहीं, इसके सीक्वल के एलान के बाद से ही फैंस का उत्साह सातवें आसमान पर है। पुष्पा 2- द रूल रश्मिका मंदाना की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह मूवी इस साल 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

**छावा- द ग्रेट वॉरियर**

विक्की कौशल अभिनीत बहुप्रतीक्षित ऐतिहासिक ड्रामा छावा- द ग्रेट वॉरियर अपने एलान के बाद से ही चर्चाओं में है। फिल्म की कहानी महान मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। इसका निर्देशन लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं। छावा- द ग्रेट वॉरियर का निर्माण दिनेश विजान और जियो स्टूडियोज द्वारा किया गया है, और इसके 6 दिसंबर 2024 को रिलीज होने की उम्मीद है। मूवी में रश्मिका मंदाना बतौर मुख्य अभिनेत्री शामिल हैं।

**द गर्लफ्रेंड**

रश्मिका मंदाना ने कुछ समय पहले अपनी नई फिल्म का एलान कर फैंस को बड़ा तोहफा दिया था। वह द गर्लफ्रेंड नामक एक रोमांचक लव स्टोरी में मुख्य भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह उनके सात साल के करियर की 24वीं फिल्म होगी। उम्मीद की जा रही है कि द गर्लफ्रेंड में रश्मिका ही नायक होंगी। इसे थ्रिलर लव स्टोरी फिल्म माना जा रहा है। राहुल रवींद्रन के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का निर्माण अल्लू अरविंद की गीता आर्ट्स के बैनर तले किया जा रहा है।

**कुबेर**

तमिल सुपरस्टार धनुष अपने दमदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं। अभिनेता इन दिनों अपनी आगामी पैन इंडिया फिल्म कुबेर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा जुलाई, 2023 में की गई थी। फिल्म का निर्देशन शेखर कम्मुला कर रहे हैं। श्री वेंकटेश्वर सिनेमाज एलएलपी और एमिगोस क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले सुनील नारंग और पुस्कुर राम मोहन राव द्वारा किया जा रहा है। यह फिल्म हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज होगी। रिपोर्ट्स की मानें तो रश्मिका मंदाना इस फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगी। कुबेर 31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# बड़ी एक्शन फिल्मों के लिए तैयार नहीं हैं वरुण धवन

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन को अपनी एक्टिंग से प्रशंसकों के दिलों पर राज करते हैं। बड़े बजट की फिल्मों में काम करने खासतौर पर एक्शन फिल्मों को लेकर उन्होंने बात की। वरुण धवन ने कहा कि वह इंडस्ट्री में अपने दृष्टिकोण को लेकर सही सोचते हैं। उन्होंने कहा कि वह अभी तक अच्छे बॉक्स ऑफिस रिटर्न के स्तर तक नहीं पहुंच पाए, जो आदित्य चोपड़ा की प्रमुख एक्शन फिल्मों के बजट को सही ठहरा पाए।

आदित्य चोपड़ा ने वरुण धवन से कही ये बात

एक इंटरव्यू के दौरान वरुण धवन ने कहा कि आदित्य चोपड़ा ने उनके साथ एक्शन फिल्म बनाने के लिए बड़ा बजट रखने की बात कही है। उन्होंने बताया कि आदित्य चोपड़ा ने उनके साथ एक एक्शन फिल्म बनाने की आवश्यकता जताई तो उन्हें संदेह हुआ। उन्होंने कहा कि आदित्य चोपड़ा ने इस बात को लेकर उनसे कहा कि बड़ी बजट की एक्शन फिल्में काफी अच्छी कमाई करती हैं।

बिग बजट एक्शन फिल्मों के लिए मैं अभी तैयार नहीं

वरुण धवन ने कहा, मैं जिस स्थिति में हूं, उसके बारे में मैं बहुत सही तरीके सोचता हूं। और हां, मैं कर सकता था। मैं एक्शन फिल्म कर सकता हूं, लेकिन ये जिस स्थान पर मैं हूं, ये सही नहीं होगा। यह पर्याप्त नहीं होगा। वरुण धवन ने कहा कि उनके लिए मिड लेवल की एक्शन फिल्म अच्छी हो सकती है। उनका मानना है कि मिड बजट फिल्में भी अच्छा प्रभाव डालती हैं।

## सिटाडेल में नजर आएंगे वरुण धवन

वरुण की आगामी वेब सीरीज और फिल्मों में सबसे पहले वरुण की सीरीज सिटाडेल हनी बनी रिलीज होगी। सिटाडेल- हनी बनी का प्रीमियर 7 नवंबर को भारत में प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

## सामंथा भी आएंगी नजर

वरुण धवन के साथ इस एक्शन ड्रामा सीरीज में समांथा रुथ प्रभु नजर आएंगी। सीरीज में सामंथा और वरुण के अलावा के के मेनन, सिमरन बग्गा और एम्मा कैनिंग भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह मूल रूप से सिटाडेल सीरीज का प्रीक्वल है।

# अक्षय कुमार की भूत बंगला में शामिल हुईं वामिका गब्बी?

अक्षय कुमार ने अपने जन्मदिन पर हॉरर-कॉमेडी भूत बंगला की घोषणा करके अपने प्रशंसकों को खुश किया। अभिनेता ने एक मोशन पोस्टर भी साझा किया जिसे दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। वहीं, अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई रही है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अभिनेत्री वामिका गब्बी फिल्म की टीम में शामिल हो गई हैं।

वामिका गिब्बी हुईं शामिल

फिल्म की नायिका के साथ साथ इसकी शूटिंग के बारे में भी दिलचस्प जानकारी सामने आई है। फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू होगी। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वामिका ने डिजिटल दुनिया में अपने काम से सभी को प्रभावित किया है और अब वह बेबी जॉन और भूत बंगला जैसी फिल्मों के साथ थिएटर मीडियम पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने डॉटेड लाइन्स साइन कर ली हैं और भूत बंगला में उनकी भूमिका दमदार है, जो सिनेमा देखने वाले दर्शकों के बीच हंसी का माहौल पैदा करेगी। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन उम्मीद है कि इसमें काला जादू होगा, जिसमें अक्षय तीन अभिनेत्रियां के साथ काम करेंगे। फिल्म का ज्यादातर हिस्सा हैदराबाद, केरल के एक जंगल, श्रीलंका में शूट किया जाएगा। चर्चा यह भी है कि फिल्म में कियारा आडवाणी, कीर्ति सुरेश और आलिया भट्ट हो सकती हैं।



# तृप्ति डिमरी को दृश्य फिल्माने में जब हुई कठिनाई, राजकुमार राव ने फॉर्मूला देकर की मदद



अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में अपने सह-कलाकार राजकुमार राव के साथ काम करने के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि किस तरह जब वह कोई सीन करते हुए घबरा जाती थीं, तो अभिनेता कोई फॉर्मूला देकर उनकी मदद करते थे। हाल ही में तृप्ति डिमरी को फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में देखा गया। अभिनेत्री ने इस फिल्म को लेकर एक साक्षात्कार में खुलासा किया कि वह कई बार सेट पर घबरा जाती थीं, जिसकी वजह से वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाती थीं। अभिनेत्री ने साझा किया कि उनके सह-कलाकार राजकुमार राव ने उन्हें कुछ फॉर्मूले बताए, जिसके चलते वह सहजता के साथ शूट कर सकीं।

एक साक्षात्कार में अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में राजकुमार राव के साथ काम करने के अनुभवों को साझा किया। फिल्मफेयर के साथ बातचीत में तृप्ति ने याद किया वह डर और घबराहट महसूस करती थीं, जिससे उनका प्रदर्शन प्रभावित होता था। अभिनेत्री ने खुलासा किया कि राजकुमार राव उन्हें फॉर्मूले देकर उनका आत्मविश्वास बढ़ाते थे।

## राजकुमार को दिया क्रेडिट

अभिनेत्री ने कहा, वह कभी-कभी मुझे कुछ फॉर्मूला देते थे कि तुम इसे इस तरह क्यों नहीं आजमाती? ताकि मेरा प्रदर्शन अच्छा लगे और दृश्य पूरी तरह से काम करे। इसलिए, मुझे लगता है कि ऐसे सह-कलाकारों का होना वास्तव में महत्वपूर्ण है। राजकुमार के बारे में बात करते हुए, तृप्ति ने साझा किया कि उनके साथ काम करके उन्हें बहुत अच्छा लगा। तृप्ति ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें उनसे बहुत कुछ सीखना है। 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' सेट का उदाहरण देते हुए, अभिनेत्री ने साझा किया कि राजकुमार वहां मौजूद रहते थे, भले ही उनके पास शूट करने के लिए कोई दृश्य न हो।





# विक्रमादित्य मोटवानी को पसंद है अनन्या का काम

कंट्रोल फिल्म में नजर आ रही अभिनेत्री अनन्या पांडे को उनके अभिनय के लिए प्रशंसा मिल रही है। इसे बाद फिल्म कंट्रोल के निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी ने फिल्म में अनन्या पांडे की तारीफ की है।

निर्देशक ने बताया अनन्या पांडे अपने लुक्स को लेकर बिल्कुल भी परेशान नहीं होती। वह काम करने के लिए बहुत रिहर्सल करती हैं।

निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी ने अनन्या पांडे के काम को लेकर बात की। उन्होंने कहा, वो काम में बहुत ही अच्छी हैं। उन्होंने बताया अनन्या पांडे शूटिंग और काम के दौरान सेट पर बहुत ही मस्ती से काम करती हैं। विक्रमादित्य मोटवानी ने अनन्या पांडे को बहुत ही अच्छी अभिनेत्री बताया। उन्होंने कहा, अनन्या काम तो करती है, वह शूट से पहले प्रैक्टिस करती हैं।

निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी ने कहा कि अनन्या को उन्होंने फिल्म की शूटिंग के दौरान अपने आसपास के क्षेत्र को भूलकर अभिनय करने के लिए कहा, क्योंकि अनन्या को लैपटॉप पर देखते हुए शूटिंग करनी थी। निर्देशक ने कहा कि उन्हें अनन्या के काम करने का तरीका अच्छा लगता है। अनन्या पांडे की इस फिल्म में उनके अभिनय को प्रशंसकों ने बहुत पसंद किया।

## अनन्या पांडे को करना था मोटवानी के साथ काम

अनन्या ने कहा कि मोटवानी के साथ काम करना उनका सपना था और बहुत वक्त तक तो उन्हें इस बात पर यकीन ही नहीं हो रहा था कि वाकई में विक्रमादित्य ने अपनी फिल्म में काम करने का ऑफर दिया है। फिल्म 4 अक्तूबर को नेटफिलक्स पर रिलीज हुई। फिल्म को प्रशंसकों का प्यार मिला है।

अपने लुक्स को लेकर अनन्या पांडे ने भी कुछ बातें एक इंटरव्यू के दौरान की थीं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं स्क्रीन पर खुद को देखने में बेहतर हो गई हूं, लेकिन जब मैंने शुरुआत की थी, तब भी अगर कोई अपने फोन पर मेरा वीडियो देख रहा होता था, तो मैं कमरे से बाहर भाग जाती थी। अभिनेत्री अनन्या पांडे को पहली बार स्टूडेंट ऑफ द 2 में देखा गया था।

# आकांक्षा पुरी की लगी लॉटरी, खेसारी की फिल्म में आएंगी नजर

टीवी जगत में अच्छा-खासा नाम कमाने के बाद आकांक्षा पुरी अब भोजपुरी इंडस्ट्री में किस्मत आजमा रही हैं। वे खेसारी लाल यादव के साथ फिल्म राजाराम में नजर आएंगे। फिल्म के चुम्मा चुम्मा गाने में अपनी केमिस्ट्री दोनों कलाकार दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। इसके बाद आकांक्षा खेसारी की एक और फिल्म में नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग शुरू कर दी है। आकांक्षा पुरी एक्टर खेसारी लाल यादव की अगली एक्शन फिल्म अग्नि परीक्षा में नजर आएंगी। उन्होंने इसकी शूटिंग शुरू कर दी है और आज सेट से फैंस के साथ कुछ झलकियां भी साझा की हैं। आकांक्षा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फैंस के साथ अपडेट साझा किया है। फिल्म का मुहूर्त हाल ही में पूरा हुआ, जिसमें भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की कई जाने-माने सितारे शामिल हुए। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। आकांक्षा पुरी हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में नजर आ चुकी हैं और अब वे भोजपुरी सिनेमा में किस्मत आजमा रही हैं। हाल ही में साझा की गई तस्वीरों में आकांक्षा भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के साथ नजर आ रही है। फिल्म में खेसारी के साथ आकांक्षा पुरी और नीलम गिरी मुख्य किरदारों में नजर आएंगी। इसमें रोमांस, इमोशंस और एक्शन का जबर्दस्त डोज होगा। फिल्म में खेसारी, आकांक्षा पुरी और नीलम गिरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा फिल्म में सुशील सिंह, प्रकाश जैश, विनोद मिश्रा, जे. नीलम, समर्थ चतुर्वेदी, महेश आचार्य, ऋतु चौहान, सोनिया मिश्रा सहित कई और सितारे भी हैं।



# 1578 करोड़ के बकायेदार प्रतिष्ठानों को तीसरी बार दिया भुगतान करने का मौका

## बकाया जमा न करने पर आवंटन होगा निरस्त, जबरन लिया जाएगा कब्जा




| प्रतिष्ठान | संख्या | 30 सितंबर तक बकाया | ओटीएस-3 |
|---|---|---|---|
| सरकारी विभाग | 24 | 499.03 करोड़ | 228.66 करोड़ |
| पेट्रोल पंप | 15 | 675.90 करोड़ | 447 करोड़ |
| बैंक | 10 | 403.21 करोड़ | 75.71 करोड़ |
| कुल | 49 | 1578.14 करोड़ | 751.86 करोड़ |

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण ने बकायेदार 49 संपत्तिधारकों को तीसरी बार बकाया राशि का भुगतान करने का मौका दिया है। इसके बाद भी यदि उन्होंने भुगतान नहीं किया तो उनका आबंटन निरस्त किया जाएगा तथा जबरन कब्जा वापस लिया जाएगा।


बता दें कि इन 49 प्रतिष्ठानों पर नोएडा प्राधिकरण का करीब 1578 करोड़ रूपये बाकी है। अब प्राधिकरण ने तीसरी बार ओटीएस योजना निकाली है।

नोएडा प्राधिकरण की 49 ऐसी संपत्तियां ऐसी है जिन पर सरकारी विभाग, पेट्रोल पंप और बैंको का संचालन किया जा रहा है। इन सभी को संचालन के लिए प्राधिकरण में किराया देना होता है। विगत कई सालों ने किराया जमा नहीं करने पर इन पर करीब 1578 करोड़ रुपए बकाया है।

बकाया जमा कराने के लिए प्राधिकरण दो बार 2019 और 2021 में ओटीएस स्कीम ला चुकी है। इसके तहत सामान्य ब्याज दर पर ये आवंटी अपना पैसा जमा कर सकते थे। लेकिन ऐसा नहीं किया। प्राधिकरण ने इनके खिलाफ आरसी जारी की। प्राधिकरण के इस कृत कार्यवाही के विरोध में पेट्रोल पंप संचालक की कंपनियां व बैंकों ने उच्च न्यायालय में याचिका लगाई। जिसमें प्राधिकरण ने सभी प्रकरण में शपथ पत्र दाखिल कर चुका है। ये विचाराधीन है। किराए की प्रभावी वसूली न होने के कारण सीएजी द्वारा ऑडिट पैसा बनाया गया है। ये मामला विधानसभा लेखा समिति के समक्ष विचाराधीन है। विधानसभा लेखा समिति वसूली को लेकर अंसतोष व्यक्त किया है। ऐसे में तीसरी बार ओटीएस स्कीम निकाली गई। ताकि ये आवंटी अपना बकाया पैसा प्राधिकरण में जमा कर सके। ये ओटीएस तीन महीने के लिए होगी। इसके बाद भी यदि आवंटी पैसा जमा नहीं करते तो इनका आवंटन निरस्त करते हुए बल पूर्वक भौतिक कब्जा लिया जाएगा।

# डॉट सेंटर के लिए नहीं मिले आवेदक

## अब आईटी/आईटीईएस के श्रेणी में होगा आवंटन



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-154 में दो भूखंडों को आईटी और आईटी/आईटीईएस क्षेत्र के लिए पुनः आवंटित करने का निर्णय लिया है। शुरू में ये भूखंड डेटा सेंटर विकास के लिए निर्धारित थे। यह निर्णय 2022 और 2024 में डेटा केंद्रों के लिए निवेशकों को आकर्षित करने के दो अलग-अलग प्रयासों के विफल होने के बाद लिया गया। जिसमें दोनों ही बार कोई आवेदन नहीं मिला। दोनों भूखंड 29,000 वर्ग मीटर के है। जिनकी आवंटन दर 28,470 रुपये प्रति वर्ग मीटर है। अब इन दोनों को आईटी/आईटीईएस उपयोग के लिए विज्ञापित किया जाएगा।

2022 में यूपी सरकार द्वारा आयोजित ग्लोबल इंवेस्टर समिट के बाद, उत्तर प्रदेश डेटा सेंटर नीति (पहला संशोधन, 2021) के तहत डेटा सेंटर के उपयोग के लिए भूमि का पहली बार विज्ञापन किया गया था। इस पहल का उद्देश्य डेटा सेंटर के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों निवेशकों को आकर्षित करना था। जिसमें एआई और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों को भी आकर्षित किया गया। हालांकि, इन प्रचार प्रयासों के बावजूद इन भूखंडों पर डेटा सेंटर स्थापित करने की प्राधिकरण की योजना किसी भी खरीदार को आकर्षित नहीं कर पाई। प्राधिकरण ने कहा कि पिछले दो सालों में राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने आईटी/आईटीईएस भूमि उपयोग में अधिक रुचि दिखाई है। इस मांग और बाजार के रुझान के आधार पर यह प्रस्तावित किया गया कि इन दोनों भूखंडों को आईटी/आईटीईएस श्रेणी के तहत फिर से विज्ञापित किया जाए। एक हालिया विभागीय रिपोर्ट में पिछले दो दशकों में आईटी/आईटीईएस क्षेत्र में नोएडा की तीव्र गति पर प्रकाश डाला गया। जिसमें कहा गया है कि कई राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने इस क्षेत्र में परिचालन स्थापित किया है। राजस्व और रोजगार में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। हाल के वर्षों में आईटी/आईटीईएस भूमि की मांग बढ़ी है। विशेष रूप से प्रौद्योगिकी में प्रगति ने उच्च तकनीक समाधानों को शामिल करने के लिए आईटी/आईटीईएस आवश्यकताओं को और अधिक विविध बना दिया है।

# 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम आयोजित



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** पूर्व प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति भारतीय जनता पार्टी गौतमबुद्धनगर द्वारा एक दौड़ देश के नाम 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का आयोजन ग्रेटर नोएडा स्थित दी एथलेटिक्स फ्यूचर एकेडमी में किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी व विशिष्ठ अतिथि के रूप में दादरी ब्लाक प्रमुख बिजेंद्र भाटी रहे।

पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान शेखर भाटी साकीपुर, द्वितीय स्थान निखिल भाटी बोड़ाकी, तृतीय स्थान सुजात सैफी सूरजपुर रहे।

महिला वर्ग में प्रथम स्थान मोनिका कैमराला भोगपुर, द्वितीय स्थान खुशी अवाना नोएडा, तृतीय स्थान शीतल नागर डेरी मच्छा रही।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी ने सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपने संबोधन में कहा वर्तमान में हम देश का जो एकीकृत स्वरूप देख रहे हैं वह सब सरदार वल्लभभाई पटेल की तपस्या का परिणाम है, उनके जन्म जयंती पर हमें स्वस्थ भारत एक भारत की युक्ति को आगे लेकर जाना है स्वस्थ राष्ट्र से ही विश्व गुरु बनने का सपना साकार होगा।

कार्यक्रम में पवन रावल, जिला मंत्री गुरुदेव भाटी, मंडल प्रभारी रवि जिंदल, महिला मोर्चा अध्यक्ष रजनी तोमर, पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र भाटी, दादरी नगर अध्यक्ष राजीव सिंघल, जिला महामंत्री युवा मोर्चा शक्ति रावल, सूरजपुर मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा अतुल गुर्जर, जिला कार्यकारिणी सदस्य मनीष भाटी, जिला मंत्री युवा मोर्चा बृजेश ठाकुर, जिला कार्यकारिणी सदस्य युवा मोर्चा प्रिंस भाटी, सोनू भाटी कोच एवं अनेकों प्रतिभागी व एथलीट उपस्थित रहे।

# नशे में धुत दबंगों ने दुकानदार से की मारपीट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** दुकान से सामान खरीदने के बाद दुकानदार द्वारा पैसे मांगे जाने पर नशे में धुत्त युवकों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उससे सोने की चेन, सोने का कड़ा तथा गल्ले में रखे 25000 हजार रुपए भी लूट लिए। पीड़ित दुकानदार की पत्नी ने दो नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्रेटर नोएडा की एक सोसाइटी में रहनेवाली रूबी नागर ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके पति अनिरुद्ध चौधरी ग्राम जैतपुर में कन्फेक्शनरी की दुकान चलाते हैं। 23 सितंबर की रात्रि को उनकी दुकान पर सेंट्रो कार, बगैर नंबर की बाइक व स्कूटी से चार युवक पहुंचे। इन लोगों ने दुकान से कोल्ड ड्रिंक, नमकीन, पानी, चिप्स के पैकेट, सिगरेट आदि खरीदी। इसके बाद चारों सामान के पैसे दिए बिना ही जाने लगे। अनिरुद्ध चौधरी ने जब युवकों से सामान के 600 रुपए मांगे तो नशे में चूर युवकों ने उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी।

अनिरुद्ध ने जब गाली गलौज का विरोध किया तो युवकों ने सेंट्रो कार से बेसबॉल के डंडे निकालकर उनके ऊपर हमला बोल दिया। आरोपियों ने अनिरुद्ध चौधरी को इस कदर पीटा कि वह लहु लुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। शोर शराब सुनकर दुकान पर खड़े अन्य ग्राहकों व कर्मचारियों ने उन्हें हमलावर युवकों के चंगुल से बचाया।

रूबी नगर का आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उसके पति के गले से सोने की चेन, हाथ में पहनना सोने का कड़ा तथा गल्ले में रखे 25000 हजार रुपए भी लूट लिए और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस दौरान एक आरोपी अपनी बाइक को भी मौके पर छोड़ गया। रूबी नागर के मुताबिक मारपीट के दौरान आरोपी युवक आपस में एक दूसरे का नाम ले रहे थे। उसने हमलावर युवको के जाने के बाद पुलिस को कॉल की। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अनिरुद्ध को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज चल रहा है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर ओमप्रकाश नागर, योगी व दो अन्य अज्ञात युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# तीन प्रतिष्ठानों पर खाद्य विभाग का छापा, 7 नमूने लिए

**नोएडा (चेतना मंच)।** आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपदवासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की कार्यवाही सुनिश्चित कर रहे हैं।

इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैयद इबादुल्लाह एवं विशाल कुमार गुप्ता की टीम द्वारा कासना ग्रेटर नोएडा स्थित ब्लिंकेट स्टोर से घी, सूजी हलवा का 1-1 नमूना, पी 3 ग्रेटर नोएडा स्थित के बी इंटरप्राइजेज से दूध के 2, पनीर का 1 नमूना तथा स्वर्ण नगरी ग्रेटर नोएडा स्थित पवन कुमार के प्रतिष्ठान से दूध के 2 नमूने लिए गए।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार की टीम द्वारा साईं किराना स्टोर से हल्दी पाउडर का 1 नमूना फेस-2 नोएडा स्थित अग्रवाल स्वीट से मिल्क केक का 1 नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओपी सिंह एवं अमर बहादुर सरोज की टीम द्वारा तिलपता स्थित विजय स्वीट से मिल्क केक का 1 नमूना, तिलपता स्थित नागर डेरी से बर्फी का 1 नमूना, डेल्टा-1 ग्रेटर नोएडा स्थित कामधेनु डेरी से दूध का 1 नमूना एवं मेन जीटी रोड दादरी स्थित लालजी स्वीट से बूंदी के लड्डू का 1 नमूना लिया गया। इस प्रकार कुल 14 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि दीपावली पर्व के दृष्टिगत आगे भी इसी प्रकार से जिलाधिकारी के निर्देशन में जांच अभियान संचालित करते हुए नमूने संग्रहित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जनपदवासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके।

# पटाखे बेचते 3 गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** अवैध रूप से पटाखे बेचने वालों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत थाना फेस दो पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पटाखे बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम ककराला गांव के पास गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि पुश्ता तिराहे के पास तीन व्यक्ति प्लास्टिक के कट्टों में पटाखे भरकर बिक्री के लिए ले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मुखबिर के इशारे पर तीनों को दबोच लिया। इनके पास से बरामद कट्टों की जब तलाशी ली गई तो उसमें से पटाखे बरामद हुए। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम नीरज पुत्र राजेंद्र, असलम पुत्र हुसैन और राजेंद्र पुत्र देवका बताया। पकड़े गए आरोपी ककराला में रह रहे हैं। आरोपियों ने बताया कि वह दीपावली पर अवैध रूप से पटाखे की बिक्री कर मुनाफा कमाने के लिए इन्हें खरीद कर लाए थे। आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340


E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

# चोरी की बाइक से करता था लूटपाट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 पुलिस ने एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की बाइक, लूटे गए दो मोबाइल फोन व चाकू बरामद हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सेक्टर-61 मेट्रो स्टेशन की तरफ से एक बदमाश चोरी की बाइक पर सवार होकर लूट व चोरी की घटना को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने डंपिंग ग्राउंड के पास सर्विस रोड पर आ रहे बाइक सवार को जांच के लिए रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर उक्त व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस कर्मियों ने उसे दबोच लिया। तलाशी में इसके पास से एक चाकू, दो मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम विशाल गुप्ता पुत्र मोहन गुप्ता निवासी इंदिरा कॉलोनी साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद बताया। विशाल गुप्ता ने बताया कि उसके पास से बरामद बाइक चोरी की है। उसने यह बाइक बहलोलपुर से चोरी की थी। बरामद दोनों फोनों के बारे में विशाल गुप्ता ने बताया कि उसने कुछ दिन पहले यह दोनों मोबाइल फोन छीने थे। चोरी की बाइक पर सवार होकर वह लूट व चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है।






## ब्लेड बनाने वाली कंपनी के शेयर ने दिग्गजों के काटे कान

नईदिल्ली, एजेंसी। टाटा मोटर्स से लेकर टेक महिंद्रा और रिलायंस के शेयर जहां आज पानी मांग रहे हैं, वहीं आज ब्लेड बनाने वाली कंपनी जिलेट के शेयर इनके कान काट रहे हैं। आज शुरुआत कारोबार में जिलेट इंडिया के शेयर में 10 प्रतिशत की उछाल आई। ग्रूमिंग प्रोडक्ट बनाने वाली इस कंपनी ने सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए नेट प्रॉफिट में 43.5 प्रतिशत की वृद्धि यानी 133.01 करोड़ रुपये दर्ज की मनी कंट्रोल के मुताबिक कंपनी का ऑपरेशनल रेवेन्यू सालाना आधार पर 17.11 प्रतिशत बढ़कर 781.82 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने अपने बयान में कहा, ग्रामीण बाजारों में लगातार हो रही वृद्धि के बीच यह वृद्धि व्यापक आधार पर हुई है। जुलाई-सितंबर तिमाही में जिलेट इंडिया का कुल खर्च 11 प्रतिशत बढ़कर 611.62 करोड़ रुपये हो गया। एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार समीक्षाधीन तिमाही के दौरान ग्रूमिंग सेगमेंट से कंपनी का राजस्व सालाना आधार पर 23.02 प्रतिशत बढ़कर 648.9 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, समीक्षाधीन तिमाही में ओरल केयर रेवेन्यू में सालाना आधार पर 5.11 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 132.92 करोड़ रुपये रहा। एक अलग फाइलिंग में जिलेट इंडिया ने बताया कि उसके निदेशक और सीएफओ गौतम कामथ ने अपना इस्तीफा दे दिया है, क्योंकि वह पीएंडजी ग्लोबल हेडक्वार्टर में वाइस प्रेसिडेंट कॉर्पोरेट स्ट्रैटेजी के रूप में वैश्विक भूमिका के लिए आगे बढ़ रहे हैं। कंपनी ने श्रीविद्या श्रीनिवासन को 1 नवंबर से कंपनी का सीएफओ और अतिरिक्त (कार्यकारी) निदेशक नियुक्त किया है।

## ब्रिक्स प्लस सिटी फोरम में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे महापौर पुष्यमित्र भार्गव

इंदौर। 31 अक्तूबर को दुबई में होने वाली ब्रिक्स देशों के ब्रिक्स प्लस सिटी फोरम सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव करेंगे। उन्हें इस सम्मेलन का को चेयरमैन नियुक्त किया गया है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने ब्रिक्स + सम्मेलन में देश का नेतृत्व किया है। प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन मे महापौर पुष्यमित्र भार्गव ब्रिक्स + सिटी फोरम में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए भारत की अर्बन सिटी के डेवलपमेंट पर चर्चा करेंगे। श्री भार्गव 30 अक्टूबर को दुबई के लिए रवाना होंगे। 31 अक्तूबर को दुबई में ब्रिक्स प्लस फोरम में शामिल होकर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए देश के सिटी डेवलपमेंट प्लान को अन्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ साँझा करेंगे। साथ ही सम्मेलन में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने, सतत विकास पहल को बढावा देने और सदस्य देशों के बीच आपसी सहयोग को प्रोत्साहित करने जैसे विषयों पर चिंतन किया जाएगा। सम्मेलन में भारत की और से शामिल वाले एकमात्र प्रतिनिधि होंगे। इस सम्मेलन में ब्रिक्स देशों के अलावा अन्य देशों को भी आमंत्रित किया गया है। महापौर भार्गव को मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने बधाई दी है।

## देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी को करारा झटका, 99 प्रतिशत तक गिरा प्रॉफिट

नईदिल्ली, एजेंसी। देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड का वित्तीय हालात दूसरी तिमाही में चिंताजनक




देखने को मिला है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 99 फीसदी तक गिरकर 180.01 करोड़ रुपए रह गया है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का लाभ 12,967.32 करोड़ रुपए था।

### 5000 उधार लेकर खड़ी कर दी करोड़ों की कंपनी

# अब आईपीओ आते ही छप्परफाड़ मुनाफा



नईदिल्ली, एजेंसी। सोलर पैनल बनाने वाली कंपनी वारी एनर्जीज आईपीओ बीते सोमवार को शेयर बाजार में लिस्ट हो गया। कंपनी के शेयर अपने आईपीओ प्राइस बैंड 1,503 रुपये के मुकाबले करीब 70 प्रतिशत उछाल के साथ 2,550 रुपये पर लिस्ट हुए। आज लिस्टिंग के दूसरे दिन भी इस शेयर में 5 प्रतिशत की तेजी है। बीएसई पर यह शेयर आज 5 प्रतिशत उछलकर दिन के हाई 2,454 रुपये पर पहुंच गए थे। जहां इस आईपीओ ने आम निवेशकों को तगड़ा रिटर्न दिया वहीं, इससे हितेश चिमनलाल दोशी को इस आईपीओ से रातोंरात छप्परफाड़ मुनाफा हुआ है। आखिर कौन हैं हितेश चिमनलाल दोशी आइए जानते हैं विस्तार से...

### इस तरह बढ़ता चला गया कारोबार

2014 में इकोनॉमिक टाइम्स को हितेश ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनका जन्म महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के एक छोटे गांव में हुआ था। उनके पिता किराने की दुकान चलाते थे। गांव में बिजली और फोन जैसी सुविधाएं भी सीमित ही थीं। उस गांव में केवल 7वीं कक्षा तक की पढ़ाई होती थी, इसलिए उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए साइकिल से दूसरे गांव जाना पड़ता था। 12 वीं के बाद वे मुंबई शिफ्ट हो गए और मुंबई विश्वविद्यालय के श्री चिनाई कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स की डिग्री ली। इस दौरान ही उन्हें कारोबार को लेकर दिलचस्पी जगी और फिर अपने परिवार की आर्थिक बोझ को कम करने के लिए उन्होंने साल 1985 में एक रिश्तेदार से 5,000 रुपये उधार लेकर टेंपरेचर गेज का कारोबार शुरू कर दिया, फिर उन्हों पानी के पंप, हीटर, कुकर और लालटेन जैसे बिजली इक्विपमेंट में कारोबार की संभावना देखी। कुछ साल बाद ही उन्होंने अपनी छोटी सी कंपनी की स्थापना की और अपने गांव के वारी मंदिर के नाम पर कंपनी का नाम वारी एनर्जीज रखा। इसके लिए एक बैंक से 150,000 रुपये लोन भी लिए थे। धीरे-धीरे, उन्होंने अपने कारोबार को आगे बढ़ाया और 2007 में सोलर इक्विपमेंट का निर्माण शुरू किया। यही से वारी एनर्जी का विकास हुआ। उनका सबसे बड़ा ऑर्डर अमेरिका और यूरोप के ग्राहकों से आया था। एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर 2024 तक भारत में कुल स्थापित ऊर्जा क्षमता का लगभग आधा हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा का है और 457 गीगावाट ऊर्जा का 20 प्रतिशत हिस्सा सौर ऊर्जा का है।

### 5000 रुपये उधार लेकर शुरू की थी कंपनी

हितेश चिमनलाल दोशी वारी रिन्यूएबल्स टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन हैं। दोशी ने साल 1985 में एक रिश्तेदार से 5,000 रुपये उधार लेकर मुंबई में पढ़ाई के दौरान ही कारोबार की दुनिया में कदम रखा। उन्होंने उधार के 5,000 रुपये से प्रेशर और टेंपरेचर गेज बेचने का कारोबार शुरू कर दिया।

हालांकि, पढ़ाई और कारोबार दोनों को मैनेज करना दोशी के लिए काफी कठिन था। बावजूद उन्होंने 1,000 रुपये महीने के मुनाफे के साथ अपने कॉलेज की फीस और रहने के खर्च को कवर करते थे। बता दें कि सितंबर 1989 में उन्होंने अपने वेंचर को वारी इंस्ट्रूमेंट्स के नाम से रजिस्टर कराया था और पहले ही साल उनकी कंपनी का टर्नओवर 12,000 रुपये रहा था। अब लगभग 40 साल बाद दोशी की कंपनी रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक बन गई है और इसका मार्केट कैप 71,244 करोड़ रुपये हो गया।

### अब इतनी हुई संपत्ति

सोमवार को वारी एनर्जी की लिस्टिंग के साथ दोशी और उनका परिवार दुनिया के सबसे अमीरों की कैटेगरी में शामिल हो गए। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, वारी एनर्जी के शेयरों की लिस्टिंग के बाद दोशी परिवार की कुल संपत्ति लगभग 5 बिलियन डॉलर (500 करोड़ रुपये) हो गई। बता दें कि 57 वर्षीय वारी एनर्जीज के चेयरमैन और एमडी हैं, जबकि उनके दो भाई और भतीजे समूह में बोर्ड निदेशक हैं। यह परिवार इंजीनियरिंग ब्रांच वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड और एनर्जी स्टोरेज कंपनी वारी टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का सबसे बड़ा शेयरधारक भी है, दोनों पहले से ही लिस्टेड कंपनी हैं।

वारी एनर्जीज 12,000 मेगावाट की क्षमता के साथ भारत में सबसे बड़ा सोलर मॉड्यूल निर्माता है। इसका अधिकांश राजस्व अमेरिका में निर्यात बिक्री से आता है, जो पिछले कुछ सालों में चीनी सोलर अन्य टैरिफ के कारण काफी बढ़ गया है।

इस साल कुछ शेयरों में ग्लोबली तेजी के बीच भारत के रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में निवेशकों की रुचि बढ़ रही है। बता दें कि कंपनी भारत के पूर्वी तट पर स्थित राज्य ओडिशा में 6 गीगावाट मैन्युफैक्चरिंग प्लांट बनाने के लिए आईपीओ से जुटाई गई रकम से 28 अरब रुपये खर्च करेगी।

### फुस्स हो गया चीन का 1.07 ट्रिलियन का धूमधड़ाका

# मंदी की चपेट में आया ड्रैगन!

नईदिल्ली, एजेंसी। चीन ने अपनी इकॉनमी में जान फूंकने के लिए हाल में 1.07 ट्रिलियन के भारी-भरकम पैकेज की घोषणा की थी। इसके बाद उसके शेयर बाजारों में काफी तेजी देखने को मिली। कुछ विदेशी निवेशक भारत जैसे देशों से अपना पैसा निकालकर चीन के बाजार में डाल रहे हैं। लेकिन कुछ निवेशकों ने चीन के इस पैकेज की सफलता पर संदेह जताया था और उनकी आशंका सही होने जा रही है। अब तक इस पैकेज का जमीन पर कोई असर होता नहीं दिख रहा है। देश में तीसरी तिमाही में कंज्यूमर प्राइस में गिरावट आई है। लगातार छठी तिमाही में ऐसा हुआ है और यह साल 1999 के बाद इस गिरावट का सबसे लंबा दौर है।

माना जा रहा है कि चीन की इकॉनमी पहले ही मंदी में फंस चुकी है और इससे बाहर निकलने के लिए उसे लंबा समय लग सकता है। चीन में डिफ्लेशन की स्थिति बनी हुई है। 2008 में देश में लगातार पांच तिमाहियों तक डिफ्लेशन की स्थिति रही थी लेकिन इस बार यह उससे भी आगे निकल गया है। पूरी दुनिया महंगाई से त्रस्त है लेकिन चीन में उल्टी गंगा बह रही है। दिक्कत यह है कि डिफ्लेशन को इनफ्लेशन भी बदतर माना जाता है। इसमें चीजों की कीमत में गिरावट आती है। यह इकॉनमी में धन की आपूर्ति और क्रेडिट में गिरावट से जुड़ी होती है।

**इकॉनमी की परेशानी-** डिफ्लेशन को इकॉनमी के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जाता



है। अगर आपको पता है कि कल चीजों की कीमत गिरनी है तो आप आज क्यों खरीदारी करेंगे इस तरह एक प्रकार से इकॉनमी फ्रीज हो जाती है। जापान के साथ 1990 के दशक में यही हुआ था।

### दुनिया के लिए खतरे की घंटी

अमेरिका और चीन के बीच रिश्ते पिछले कुछ साल से ठीक नहीं चल रहे हैं। दोनों देश एकदूसरे की कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करने में लगे हैं। अमेरिका ने चीन से आयात होने वाली कई वस्तुओं पर ड्यूटी बढ़ा दी है जो अगले चरणों में लागू होगी। चीन में मंदी आने से पूरी दुनिया प्रभावित होगी। इसकी वजह यह है कि पिछले करीब तीन दशक से चीन ग्लोबल इकॉनमी का इंजन बना हुआ है। यही वजह है कि चीन में मंदी की आशंका ग्लोबल इकॉनमी के लिए खतरे की घंटी है।

# फाइनेंस की दुनिया में बढ़ा जियो का दबदबा, आरबीआई ने दी मंजूरी

नईदिल्ली, एजेंसी। मुकेश अंबानी की कंपनी- जियो फाइनेंशियल सर्विसेज को एक बड़ी सफलता मिली है। दरअसल, इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जियो पेमेंट सॉल्यूशंस लिमिटेड (जेपीएसएल) ने स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया कि उसे ऑनलाइन पेमेंट एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से मंजूरी मिल गई है। इस खबर के बीच जियो फाइनेंशियल के शेयर पर निवेशक टूट पड़े और भाव में 2 फीसदी उछाल आ गया। ट्रेडिंग के दौरान शेयर की कीमत 325.75 रुपये के स्तर तक पहुंच गई। बता दें कि शेयर के 52 हफ्ते का हाई 395 रुपये है।

### विस्तार का है मौका

यह मंजूरी ऐसे समय में मिली है जब दिग्गज फिनटेक फर्म पेटीएम को आरबीआई की नियामक कार्रवाई का सामना करना पड़ा है। ऐसे माहौल में जियो के पास डिजिटल वित्तीय सेवा बाजार में हिस्सेदारी हासिल करने का मौका है। बता दें कि जियो पेमेंट्स बैंक, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का हिस्सा है। यह वर्तमान में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और एक फिजिकल डेबिट कार्ड के साथ डिजिटल सेविंग अकाउंट प्रोवाइड करता है। इसमें 1.5 मिलियन से अधिक सक्रिय यूजर हैं। हाल ही में जियो फाइनेंशियल सर्विसेस ने अपना नया और बेहतर जियो फाइनेंस ऐप लॉन्च करने की घोषणा




की है। इस ऐप का बीटा संस्करण 30 मई, 2024 को लॉन्च किया गया था। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) जियो फाइनेंस लिमिटेड ने बताया कि वह होम लोन सर्विस शुरू करने के अंतिम चरण में है। इसे परीक्षण के तौर पर (बीटा) शुरू किया गया है। इसके अलावा, कंपनी संपत्ति पर ऋण और प्रतिभूतियों पर ऋण जैसे अन्य उत्पाद भी पेश करने जा रही है।

### कैसे रहे सितंबर तिमाही के नतीजे

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का सितंबर 2024 को समाप्त दूसरी तिमाही में मुनाफा मामूली तीन प्रतिशत बढ़कर 689 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने एक साल पहले इसी तिमाही में 668 करोड़ रुपये का मुनाफा अर्जित किया था।

# एचडीएफसी बैंक ने डिजिटल अरेस्ट धोखेबाजी के खिलाफ नागरिकों को सावधान करने के लिए महत्वपूर्ण संदेश साझा किया

मुंबई, एजेंसी। भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने ग्राहकों को डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड के प्रति सतर्क रहने की सलाह जारी की है, जिसका उद्देश्य इस तरह की धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड में, धोखेबाज कानून प्रवर्तन या सरकारी अधिकारियों के रूप में खुद को पेश करते हुए व्यक्तियों या व्यवसायों को निशाना बनाते हैं। पीड़ितों को कथित कर चोरी, विनियामक उल्लंघन या वित्तीय कदाचार के लिए डिजिटल गिरफ्तारी वारंट की धमकी दी जाती है। धोखेबाज डिजिटल अरेस्ट वारंट को वापस लेने के लिए निपटान शुल्क या जुर्माना के रूप में भुगतान मांगते हैं। भुगतान हो जाने के बाद, धोखेबाज अपनी पहचान का कोई निशान छोड़े बिना गायब हो जाते हैं। धोखेबाजों के साथ साझा की गई व्यक्तिगत जानकारी के कारण पीड़ितों को आर्थिक नुकसान और कभी-कभी पहचान की चोरी का सामना करना पड़ता है। एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष - क्रेडिट इंटेलिजेंस एंड कंट्रोल, श्री मनीष अग्रवाल ने इस धोखाधड़ी पर चेतावनी देते हुए कहा, धोखाधड़ी करने वाले सीधे ग्राहकों की भावनाओं को निशाना बना रहे हैं। जब भी किसी को कानून प्रवर्तन अधिकारी होने का दावा करने वाले धोखेबाजों से कॉल या संदेश प्राप्त होता है, तो हमेशा उचित चैनल के माध्यम से सरकार / कानून प्रवर्तन अधिकारियों से स्वतंत्र रूप से संपर्क करके उनकी पहचान की पुष्टि करें। सतर्क रहना और इस तरह की धोखाधड़ी की प्रथाओं के बारे में जागरूक रहना ऐसे घोटालों का शिकार होने से बचने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

दूरसंचार विभाग के चक्षु पोर्टल पर ऐसे संदिग्ध धोखाधड़ी वाले संचार की तुरंत रिपोर्ट करें। अक्टूबर का महीना वैश्विक स्तर पर और भारत में राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह (एनसीएसएएम) के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों में साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस वर्ष, अभियान का विषय साइबर सुरक्षित भारत (सतर्क नागरिक) है, जो ऑनलाइन धोखाधड़ी के खिलाफ सतर्क रहने और सुरक्षित बैंकिंग प्रथाओं का पालन करने के महत्व पर जोर देता है। यदि कोई व्यक्ति किसी ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है, तो उसे तुरंत बैंक को अनधिकृत लेनदेन की सूचना देनी चाहिए ताकि भुगतान चैनल, यानी कार्ड/यूपीआई/नेट बैंकिंग को ब्लॉक किया जा सके ताकि भविष्य में होने वाले नुकसान से बचा जा सके।

## पृष्ठ एक के शेष....

**'रन फॉर यूनिटी'...**

मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, एनपी सिंह, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा, मंत्री चमन अवाना, मंडल अध्यक्ष पंकज झा, पं. रविकांत मिश्रा, शहरी विकास मोर्चा अध्यक्ष डा. प्रसेनजीत मैत्रा, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश प्रजापति, हरीश वर्मा समेत कई मोर्चा व मंडलों के अध्यक्ष व पदाधिकारी मौजूद थे।

**अयोध्या में ऐतिहासिक...**

पूरी हो गई हैं। 25 लाख दियों को एक साथ जलता देखने के लिए गिनीज वर्ल्ड ऑफ रिकार्ड की टीम भी अयोध्या में मौजूद है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान राम समेत चारों भाइयों को तिलक लगाकर स्वागत करेंगे। यहां छोटी दिवाली पर त्रेतायुग जैसा माहौल दिखा। रामनगरी का माहौल राममय दिखा। दोपहर करीब 2.20 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां पहुंचेंगे। राम राज्याभिषेक की झांकी साकेत महाविद्यालय से निकलनी है। परिसर में झांकी निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा है। कुल 49 मूर्तियां और 19 रथ तैयार किए जा रहे हैं।

राम राज्याभिषेक के 48 घंटे पहले साकेत महाविद्यालय से जयश्रीराम के उद्घोष के साथ ट्रक पर निर्मित रथ पर सवार होकर झांकियां निकली, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनीं।

झांकी में सीताराम विवाह, धनुष यज्ञ, केवट संवाद, लंका से वापसी, राम दरबार, खरदूषण वध, किष्किंधा व अशोक वाटिका के दृश्य को दर्शाया गया था। अयोध्या में रामलला की स्थापना के बाद पहली बार भव्य दीपावली मनाई जा रही है।

**बैंक्वेट हॉल में भीषण ...**

आग को बुझा दिया गया है। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट है। बैंक्वेट हॉल का अधिकांश हिस्सा लकड़ी का होना के कारण आग तेजी से फैली और बड़ा रूप धारण कर लिया था। आग लगने की घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि कैसे कुछ ही मिनटों में करोड़ों रूपये की संपत्ति स्वाहा हो गई।

**कनाड़ा में नौकरी के लिए...**

लगवाने का आश्वासन दिया और उनसे कई बार में करीब सवा दो लाख रुपए ले लिए। पैसे लेने के बाद उन्होंने कनाडा की एक कंपनी का अपॉइंटमेंट लेटर उन्हें दे दिया। उन्होंने जब जांच पड़ताल की तो पता चला कि उक्त अपॉइंटमेंट लेटर फर्जी था। इसके बाद उन्होंने डायरेक्टर से अपने पैसे वापस मांगे तो उसने देने से इनकार कर दिया। राजेश डेविड के मुताबिक पैसे दिए जाने के बाद भी उनकी बेटी की नौकरी नहीं लगी और आरोपी उनके पैसे नहीं लौटा रहा है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की गई। जांच पड़ताल के बाद आरोपी डायरेक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**हत्या, चोरी में शामिल...**

थाना एक्सप्रेस-वे प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि विजय कुमार, मिथुन, निराज खान, अरबाज व माहिर के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि इस गिरोह का लीडर विजय कुमार है और यह अपने साथियों के साथ मिलकर दिल्ली एनसीआर में घूम फिर कर महिलाओं को बहला फुसलाकर अपने झांसे में ले लेते हैं। इसके बाद महिलाओं से आभूषण लेकर फरार हो जाते थे। आरोपियों ने कई घटनाओं को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि बदमाशों के अपराधिक क्रियाकलापों पर अंकुश लगाने के लिए उनके खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा 2/3 के तहत गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है।

# सावित्रीबाई फुले बालिका इंटर कॉलेज में आधुनिक विज्ञान लैब का शुभारंभ

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा के कासना स्थित सावित्रीबाई फुले बालिका इंटर कॉलेज में आधुनिक प्रयोगशाला आधारशिला का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। जेवर से विधायक धीरेंद्र सिंह ने प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह की मौजूदगी में इस प्रयोगशाला का शुभारंभ किया। यह ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से संचालित स्कूलों में पहली आधुनिक प्रयोगशाला है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की पहल पर बने इस प्रयोगशाला के शुभारंभ के मौके पर धीरेंद्र सिंह ने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं और इन बच्चों का भविष्य विज्ञान में निहित है। ऐसी आधुनिक प्रयोगशालाओं से छात्राओं को विज्ञान से जु ?ी उत्कृष्ट जानकारी प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला में रिसर्च करके विज्ञान को




सीखने की विधा ही सबसे सटीक है। विधायक ने छात्राओं को पर्यावरण के प्रति सजग रहने की भी सीख दी। उन्होंने छात्राओं को विज्ञान, साहित्य और संस्कृति के समायोजन परक शिक्षा देने पर जोर दिया। विधायक और एसीईओ ने छात्रों से भी बात की। एसीईओ ने बताया कि इस लैब में डिजिटल माइक्रोस्कोप लगा गया है, जिसे कंप्यूटर व लैपटॉप से कनेक्ट कर छात्राएं जानकारी प्राप्त कर सकेंगी। टेलीस्कोप से सौर मंडल की रोचक जानकारी भी अब आसानी से मिल सकेगी। न्यूटन के नियमों के वर्किंग मॉडल को भी विकसित किया गया है। लेजर लाइट से लेंस की फंक्शनिंग को समझने में मदद मिलेगी। बायोलॉजी के मॉडल से लाइफ की प्रक्रिया को भी समझना आसान होगा। साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के द्वारा बच्चों को शिक्षित किया जाएगा। यह प्राधिकरण क्षेत्र में संचालित स्कूलों में पहली आधुनिक लैब है। प्राधिकरण की शिक्षा समिति की तरफ से संचालित अन्य विद्यालयों में भी ऐसी ही प्रयोगशालाएं बनाने की कोशिश की जाएगी। छात्राओं को सफलता के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण रखना अति आवश्यक है। इस दौरान छात्राओं ने भाषण ,गीत व नृत्य का प्रस्तुतिकरण किया। इस दौरान मैनेजर अभिषेक पाल सावित्रीबाई फुले बालिका इंटर कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल प्रीति फोगाट व अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

विज्ञान की आधुनिक प्रयोगशाला खुलना से खुशी जाहिर करते हुए सावित्रीबाई फुले बालिका इंटर कॉलेज वाइस प्रिंसिपल प्रीति फोगाट ने कहा कि प्राधिकरण के सहयोग से आज धधनतेरस के अवसर पर छात्राओं को प्रयोगशाला के रूप में आधुनिक शिक्षा का धन प्राप्त हो गया है।

# जनपद के सरकारी अस्पतालों में दवाईयों की न हो कमी : डीएम

**नोएडा (चेतना मंच)।** स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं शासी निकाय की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिला अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुये स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जन सामान्य को समय से उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़े हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने ई-कवच, नियमित टीकारण, निश्चय पोर्टल, पी0एम0 पोषण योजना, हेल्थ वेलनेस सेंटर, स्वास्थ्य कार्यक्रम, मातृत्व स्वास्थ्य आदि कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं का जन-जन तक लाभ पहुंचाने में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका हैं।




मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से वर्तमान तक की प्रगति से जिला अधिकारी को अवगत कराया गया। जिला अधिकारी ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुये ब्लॉक वाइज स्वास्थ्य से सम्बन्धित रेकिंग का अवलोकन कर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबन्धित अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए।

बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण अभियान के तहत कराये जा रहे कार्यों की बेहतर ढंग से मानीटरिंग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सैम-मैम बच्चों को समय से पोषाहार व दवाएं उपलब्ध करायी जाये और उनके स्वास्थ्य का समय-समय पर परीक्षण भी कराया जाये, जिससे कि वह जल्द से जल्द स्वास्थ्य हो सके। रूटीन टीकाकरण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि संपूर्ण टीकाकरण शत् प्रतिशत सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों के द्वारा ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए कि जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों में निरंतर स्तर पर पर्याप्त मात्रा में दवाइयों एवं समस्त आवश्यक मेडिकल सयंत्र की उपलब्धता रहें।

बैठक में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी शिव प्रताप सिंह प्रमेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डॉक्टर सुनील शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रेनू अग्रवाल, डीपीएम मंजीत कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 10वीं मंजिल से कूदकर जान दी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** मानसिक रूप से परेशान चल रहे कि युवक ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसाइटी की दसवीं मंजिल से कूद कर जान दे दी। मृतक हाल में अपने जीजा के पास रह रहा था।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एआईजी रॉयल सोसाइटी में रहने वाले (28 वर्षीय) सुनील सिंह ने सोसायटी की दसवीं मंजिल से छलांग लगा दी। दसवीं मंजिल से गिरने के कारण शिवम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। शिवम के परिजन उसे गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना बिसरख प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि शिवम मूल रूप से आजमगढ़ का रहने वाला था और हाल में अपने जीजा के पास रह रहा था। शिवम पिछले काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। इस कारण वह डिप्रेशन में रहता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।






# 'लिफ्ट व एस्केलेटर पंजीकरण में लापरवाही पर लगेगा विलंब शुल्क'

**नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद में सोसायटीज, सेक्टर सहित बड़े मॉल, कार्यालयों में लिफ्ट व एस्केलेटर की सुरक्षा, अनुरक्षण, संचालन के लिए उत्तर प्रदेश लिफ्ट और एस्केलेटर अधिनियम 2024 तथा उत्तर प्रदेश लिफ्ट और एस्केलेटर नियमावली 2024 के प्राविधानों के क्रियान्वयन एवं प्रभावी अनुश्रवण हेतु आज जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिलाधिकारी के सभाकक्ष में पांच सदस्यीय जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी ने कहा कि समिति के सदस्यों द्वारा जनपद में सोसायटीज, सेक्टर सहित बड़े मॉल, कार्यालयों में लिफ्ट व एस्केलेटर की जांच करते हुये त्रैमासिक बैठक में रिर्पोट प्रस्तुत की जायेगी। लिफ्ट व एस्केलेटर संचालकों द्वारा लिफ्ट, एस्केलेटर के रजिस्ट्रेशन में किसी प्रकार की लापरवाही बरतने पर विलंब शुल्क भी लिया जायेंगा।





जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि जनपद में लिफ्ट व एस्केलेटर स्वामी को उत्तर प्रदेश लिफ्ट और एस्केलेटर नियमावली 2024 के तहत रजिस्ट्रेशन कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। अधिनियम की धारा -10 में प्रदेश में पहले से ही संचालित की जा रहीं लिफ्ट, एस्केलेटर का अधिनियम लागू होने के छह माह के अंदर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि नियम नौ में प्रावधान किया गया है कि लिफ्ट, एस्केलेटर से संबंधित दुर्घटना लागबुक अनुरक्षित करने की व्यवस्था की जिम्मेदारी संचालक की होगी। यह लॉग बुक आधिकारिक तौर पर पांच सदस्यीय जिला स्तरीय समिति द्वारा मांगे जाने पर देना होगा।

उन्होंने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश लिफ्ट और एस्केलेटर अधिनियम 2024 तथा उत्तर प्रदेश लिफ्ट और एस्केलेटर नियमावली 2024 के प्राविधानों के तहत नियमों के अधीन विनिर्दिष्ट किसी भी समय सीमा का उल्लंघन करने पर स्वामी के विरूद्ध विलंब शुल्क प्रभारित किया जायेगा, जिसमें यदि विलंब 07 दिन या उससे कम है, तो 100 रूपये प्रतिदिन का विलंब शुल्क प्रभारित किया जायेगा। यदि विलंब 07 दिन से अधिक और 15 दिन तक होता है, तो संपूर्ण अवधि के लिए 200 रूपये प्रति दिन का विलंब शुल्क प्रभारित किया जायेगा।

यदि विलंब 15 दिन से अधिक और 30 दिन तक है, तो सम्पूर्ण अवधि के लिए 500 रूपये प्रति दिन का विलंब शुल्क प्रभारित किया जायेगा एवं यदि विलंब 30 दिन से अधिक है, तो लिफ्ट या एस्केलेटर का संचालन तत्काल बंद कर दिया और 10000/- रूपये के विलंब शुल्क के साथ उपबन्ध के अनुपालन के पश्चात ही इसे पुनः शुरू किया जा सकता है। आयोजित बैठक में अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, प्राधिकरण के सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।











